जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

जालोर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जालोर, मंगलवार 24 दिसम्बर, 2024



## विचार बिन्दु

**चरित्र मनुष्य के अन्दर रहता है, यश उसके बाहर। –अज्ञात**

# परेशानी यही है कि हम परेशान नहीं होते

वर्तमान समय में सबसे चिंता की बात यह है कि नागरिकों ने, विशेष कर प्रबुद्ध समाज ने, किसी भी घटना पर कुछ करना तो दूर, परेशान होना तक छोड़ दिया है। कुछ वर्षों पूर्व तक, यदि किसी के साथ अन्याय होता, सरकार की निष्क्रियता के कारण किसी प्रकार की दुर्घटना होती या सरकारी विभाग द्वारा किसी को प्रताड़ित किया जाता, तो नागरिक समूह कई तरह से इसका प्रतिकार करते थे। कहा भी गया है, अन्याय का प्रतिकार नहीं करना, अन्याय को प्रोत्साहित करने के समान है। कुछ वर्षों से हम सभी नागरिक इस अपराध के, जाने–अनजाने, दोषी बनते जा रहे हैं।

20 दिसंबर, 2024 को प्रातःकाल, जयपुर के निकट भांकरोटा में राष्ट्रीय राज मार्ग पर, गैस टैंकर और कंटेनर ट्रक में टक्कर लगने से भीषण सड़क दुर्घटना हुई। इसमें 14 व्यक्ति जिंदा आग की लपटों में जलकर मर गए। लगभग 30 व्यक्तियों का, बुरी तरह जलने के कारण, गंभीर हालत में जयपुर के एसएमएस अस्पताल में इलाज चल रहा है। आग इतनी भीषण थी कि जो व्यक्ति जलकर मरे, उनमें से कुछ की तो पहचान ही नहीं हो पाई और शरीर ऐसी स्थिति में पहुंच गया कि उसे पोटलियों तक में बंद करना पड़ा। उनकी पहचान भी डीएनए के माध्यम से ही संभव हो पाएगी। यह सभी वे व्यक्ति हैं, जिनका कोई दोष नहीं था। वे अपने गंतव्य स्थल जयपुर से केवल आधा घंटे की दूरी पर थे जब अचानक आग ने उन्हें लपेटे में ले लिया और वे काल के मुंह में समा गए। उन कुछ क्षणों में उनके ऊपर क्या बीती होगी और किस प्रकार की असहनीय वेदना उन्होंने झेली होगी, उसकी कल्पना करके ही मन सिहर उठता है।

विडंबना यह है कि जिनके परिवार इस हादसे में प्रभावित नहीं हुए, वे सब केवल इसी बात की प्रतीक्षा में रहे कि जयपुर–अजमेर हाईवे कितना जल्दी खुल सकता है? जो लोग जलकर मर गए या गंभीर रूप से झुलस गए, उनके प्रति किसी की कोई चिंता या संवेदना नहीं देखी गई। यह दुर्घटना कोई प्राकृतिक आपदा नहीं थी अपितु मानव निर्मित थी। इसे प्राकृतिक आपदा कहकर, सरकारी तंत्र के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकते। जो बस इसमें जलकर खाक हो गई, उसके परमिट का नवीनीकरण नहीं हुआ था। यह सबको पता है कि अधिकांश वाहनों का फिटनेस सर्टिफिकेट परिवहन विभाग से मान्यता प्राप्त एजेंसी द्वारा जारी किया जाता है, जो कई बार बिना वाहन की जांच किए ही जारी कर दिया जाता है। हम प्रतिदिन स्पष्ट रूप से अनफिट वाहनों को सड़कों पर दौड़ते हुए देखते हैं। स्पष्ट है, यह परिवहन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं है।

राजमार्ग के जिस 'कट' पर टैंकर के मुड़ने के कारण दुर्घटना हुई, उसे लगभग 2 वर्ष पूर्व ही बंद कर दिया जाना था। इस बारे में स्थानीय कई लोगों ने एन एच ए आई के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया किंतु ऐसा नहीं किया गया क्योंकि इसी स्थान पर क्लोवर लीफ का काम समय पर पूरा नहीं हुआ था। क्या इस दुर्घटना के लिए उन अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा जिन्होंने समय पर काम पूरा नहीं किया? इस प्रकार के बड़े वाहनों पर एक 'रिफ्लेक्टर स्ट्रिप' लगाई जाती है ताकि कोई मुड़ रहा है तो उसे दूर से ही पता लग जाए और वह उससे बच सके।

ऐसा हादसा पहली बार नहीं हुआ है न ही यह अंतिम है। हर बार इस प्रकार की दुर्घटनाओं के बाद एक रटा रटाया बयान आता है कि इसकी जांच की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। पहले, इसी प्रकार के भीषण अग्निकांडो के बाद किन के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई, इसकी कोई जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है। क्या यह एक आपराधिक कृत्य नहीं है? क्या इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध हत्या का मामला नहीं दर्ज किया जाना चाहिए? अपना कर्तव्य समय पर नहीं करने के कारण निर्दोष लोगों को असमय काल कवलित होना पड़ा है। किसी ने बेटा खोया, किसी ने पिता। इसी हादसे में छोटे–छोटे बच्चों की मां अनीता मीणा भी मौत के मुंह में समा गई। मरने वालों में पूर्व आई ए एस करणी सिंह भी थे जिन्होंने कुशल प्रशासक की तरह अजमेर कलेक्टर के पद पर रहते हुए उर्स और पुष्कर मेले सफलता पूर्वक आयोजित करवाए। वही व्यक्ति प्रशासनिक लापरवाही के कारण इस हादसे में बेमौत मारे गए।

मीडिया एक–दो दिन इस समाचार को प्रकाशित करके अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेंगे। फिर सब कुछ वैसा ही चलता रहेगा, अगले हादसे तक।

लगभग 50 वर्ष पूर्व जब मैने प्रशासनिक सेवा में प्रवेश लिया था और उसके बाद के कई वर्षों तक, जब विभिन्न प्रशासनिक पदों पर कार्य करने का अवसर मिला, तो यह देखा कि समाचार पत्रों में संबंधित विभाग अथवा जिले के बारे में कोई ऐसा समाचार प्रकाशित हो जाए जो नगरिकों की परेशानी के बारे में हो, तो उसे उच्च प्राथमिकता देते हुए उस पर तत्काल कार्रवाई की जाती थी। आजकल, यदि पूरा पृष्ठ भी किसी विभाग अथवा जिले की बड़ी समस्याओं से रंग दिया जाए, तब भी किसी अधिकारी को कोई परेशानी तक नहीं होती।

ऐसी घटनाओं से समाज का प्रबुद्ध वर्ग भी परेशान तक न हो एवं इसे अपने नियति मान ले, तो सुधार के सभी रास्ते बंद हो जाते हैं। किसी अन्य के साथ होने वाले अन्याय के प्रति आवाज उठाने की बात तो दूर, उससे उद्वेलित होना भी समाप्त हो गया है। यहां तक कि जब स्वयं के साथ भी होने वाले अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने के बजाय, सलाह यही दी जाती है कि कुछ ले–देकर काम करा लो और किसी सरकारी अधिकारी से पंगा मत लो। क्या अपनी न्यायोचित कार्य के लिए सरकारी अधिकारियों के समक्ष प्रतिवेदन देना एवं अपना प्रतिरोध दर्ज करना गलत है? गलत तो यह है है कि किसी और की परेशानी में आप परेशान होना भी छोड़ दें।

**कल्पना कीजिए, यदि अंग्रेजों की गुलामी के कारण किसी को परेशानी नहीं होती तो क्या कभी देश स्वतंत्र हो पाता? गांधी, सुभाष, पटेल, भगत सिंह जैसे अनगिनत स्वतंत्रता सेनानी परेशान हुए तब स्वतंत्रता संग्राम हुआ। किसी भी व्यवस्था में सुधार की पहली आवश्यकता ही यह है कि न केवल पीड़ित व्यक्ति ही परेशान हो अपितु अन्य नागरिक भी किसी दूसरे की परेशानी अनुभव करें। ऐसा ना होना संवेदनहीनता की पराकाष्ठा ही कहा जा सकता है।**

ऐसे अनेक उदाहरण हम प्रतिदिन के जीवन में देख सकते हैं जिनके कारण पहले सामान्य जन एवं अधिकारी दोनों ही परेशान होते थे और अब दोनों ने ही इसे एक सामान्य बात मानते हुए इस पर परेशान होना छोड़ दिया है।

किसी गरीब व्यक्ति का नाम बीपीएल सूची में नहीं हो, किसी वृद्ध व्यक्ति को वर्षों तक पेंशन न मिले तो भी किसी को कोई परेशानी नहीं होती। हाल ही में सरकार ने एक आदेश निकाल कर पेंशनर्स को सरकारी चिकित्सा सुविधा लेने के लिए यह आवश्यक कर दिया है कि वह स्वयं अस्पताल में जाएं अपना फोटो खिंचवाएं। इसके अभाव में उन्हें आर जी एच एस के अंतर्गत चिकित्सा सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा। किसी ने आदेश निकालते समय यह नहीं सोचा कि कोई अशक्त, लकवा ग्रस्त या गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति किस प्रकार अस्पताल में जाएगा और पंक्ति में खड़े होकर अपना फोटो खिंचवाएगा? इसका परिणाम यह होगा कि अनेक पेंशनर्स इस योजना के लाभ से वंचित रहेंगे। यह उल्लेखनीय है कि प्रत्येक राजकीय कर्मचारी ने सेवाकाल में इस योजना हेतु अपना अंशदान प्रतिमाह किया है।

कल्पना कीजिए, यदि अंग्रेजों की गुलामी के कारण किसी को परेशानी नहीं होती तो क्या कभी देश स्वतंत्र हो पाता? गांधी, सुभाष, पटेल, भगत सिंह जैसे अनगिनत स्वतंत्रता सेनानी परेशान हुए तब स्वतंत्रता संग्राम हुआ। किसी भी व्यवस्था में सुधार की पहली आवश्यकता ही यह है कि न केवल पीड़ित व्यक्ति ही परेशान हो अपितु अन्य नागरिक भी किसी दूसरे की परेशानी अनुभव करें। ऐसा ना होना संवेदनहीनता की पराकाष्ठा ही कहा जा सकता है।

यदि रास्ते में किसी लड़की के साथ छेड़खानी होती हुई देखें, पुलिस को किसी निरपराध को प्रताड़ित करता हुआ देखें, बेरोजगारी के कारण युवाओं को आत्महत्या करते हुए देखें, फिर भी आप परेशान न हो तो ऐसा लगता है कि हमारी रगों में आजकल रक्त के बजाय पानी का प्रवाह होने लगा है।

अधीनस्थ कर्मचारी एवं अधिकारी यदि भ्रष्टाचार में लिप्त हों और उनकी उच्च अधिकारियों को शिकायत तक न की जाए, केवल इस डर से कि, शिकायत होने पर उन्हें ही प्रताड़ित न कर दिया जाए, तो यह स्थिति चिंताजनक है।

हमारे ही शहर के किसी मोहल्ले में कई दिनों बिजली ना आए, पीने का पानी ना आए, सीवरेज का पानी पीने के पानी में मिल जाए, ठेले पर छोटा–मोटा रोजगार करने वाले को कोई डंडा मारकर भगा दे, उसका ठेला उलट दे, और हमें उससे कोई परेशानी न हो और हम रात को चैन की नींद सो जाएं, तो मान लीजिए वह समाज के लिए बहुत ही बुरे दिन हैं।

कोई गरीब, असहाय व्यक्ति अस्पताल में जाए और डॉक्टर न मिले, सरकारी डॉक्टर चिकित्सालय में मरीजों को देखने के बजाय निजी चिकित्सालय में जाकर पैसे कमाने में व्यस्त हों, सरकारी विद्यालय में अध्यापक पढ़ाने के बजाय ट्यूशन करने में लगे हों या और कोई काम धंधा करने में व्यस्त हों, तब भी हम इस लिए परेशान न हों कि सरकारी काम है, हम क्यों परेशान हों तो फिर स्थिति चिंताजनक है।

कोई भी सरकारी विभाग उससे अपेक्षित कार्य न करें और हम यह कह कर पल्ला झाड़ लें कि हमें क्या फर्क पड़ता है, सरकार का काम तो ऐसे ही चलता है, यही वह मानसिकता है जिसके कारण हम अपने नागरिक कहलाने का अधिकार भी धीरे–धीरे खोते जा रहे हैं। शायद इसमें हमारी पुरानी धार्मिक मान्यताएं भी कहीं ना कहीं परोक्ष रूप से सहायक होती हैं कि जिसने जैसा कर्म किया है वैसे उसे भोगना होगा और यही उसके भाग्य में लिखा होगा। हम अपनी उदासीनता को भाग्य का नाम देकर स्वयं को अलग कर लें और अपना जीवन चैन से जीते रहें तो यह न केवल अन्य लोगों के साथ अन्याय है अपितु हम अपनी अंतरात्मा के साथ भी अन्याय कर रहे हैं। दूसरों की तकलीफ से हम परेशान न होने की स्थिति से बाहर निकल कर, परेशान होना प्रारंभ कर दें, तो हम अपने इंसान होने का सबूत भी देंगे।

परेशान होने का सबूत केवल आंदोलन करने के रूप में ही हो आवश्यक नहीं है। प्रबुद्ध वर्ग उस बारे में लिखना बोलना और सोचना तो अवश्य प्रारंभ करे। यदि इतना भी वह कर देता है और अपनी परेशानी को सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्त करता है तो वह एक हद तक अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहा है। इसके लिए कानून- व्यवस्था को हाथ में लेने की आवश्यकता नहीं है।


हम शायद इसलिए भी परेशान नहीं होते क्योंकि हमें बार–बार यह अच्छी तरह समझा दिया गया है कि भारत दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थशक्ति है, सबसे तेजी से बढ़ाने वाली अर्थव्यवस्था है, शीघ्र ही चंद्रमा पर पहुंचने वाले हैं, हम शीघ्र ही विकास विश्व गुरु और विकसित राष्ट्र बनने वाले हैं। जब ये सारी बातें हमारे दिमाग में ठूंस दी गई हैं तो फिर हमें परेशान होने की क्या आवश्यकता है? इन सब के बावजूद यदि अभी भी हम वही सब देखते हैं जैसा कि ऊपर लिखा गया है तो ग़ालिब का यही शेर याद आता है–"दिल को बहलाने को ग़ालिब ख्याल अच्छा है"। यदि हम इस कल्पना लोक से बाहर निकल कर वास्तविकता से साक्षात्कार करें तो हम पाएंगे कि हमें परेशान होना आवश्यक है। हमारी परेशानी केवल यह है कि हमने गलत बातों पर परेशान होना बंद कर दिया है। यदि हम परेशान होंगे, तो परेशानी के कारण अवश्य ढूंढेंगे, चाहे वह हमारे साथ हो चाहे किसी अन्य के साथ।

संभव है, हमारी परेशानी से उत्पन्न प्रतिरोध से कोई हल न निकले, किंतु हमें इस बात का तो संतोष अवश्य होगा कि हमने उसके लिए सही दिशा में प्रयास किया। यदि प्रयास ही नहीं किया तो फिर आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# जननायक अटल बिहारी वाजपेयी

## 25 दिसम्बर 2024 को अटलजी के 100वें जन्मदिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित



डॉ. जे.के. गर्ग

वाक्य चातुर्य के धनी राष्ट्रभक्त मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की संकल्प शक्ति, योगीराज भगवान श्रीकृष्ण की राजनीतिक कुशलता चातुर्य एवं कूटनीति और आचार्य चाणक्य की निश्चयात्मिका बुद्धि के धनी राजनीतिज्ञ व्यक्तियों में जन नायक अटल बिहारी वाजपेयी का नाम सम्मान के साथ लिया जाता हैं क्योकि अटल जी ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण राष्ट्र सेवा हेतु अर्पित किया था। उनका तो मंत्र था देश के लिए जियें और देश के लिए ही मरें, भारत माता का कण–कण शंकर है, वहीं पानी की बूंद–बूंद गंगाजल है।

अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि भारत जमीन का टुकड़ा नहीं, भारत तो जीता–जागता राष्ट्रपुरुष है। हिमालय इसका मस्तक है, गौरीशंकर इसकी शिखा है। कश्मीर किरीट है, पंजाब और बंगाल दो विशाल कंधे हैं। दिल्ली इसका दिल है। विन्ध्याचल कटि है, नर्मदा करधनी है। पूर्वी और पश्चिमी घाट इसकी दो विशाल जंघाएं हैं। कन्याकुमारी इसके चरण हैं, सागर इसके पग पखारता है। पावस के काले–काले मेघ इसके कुंतल केश हैं। चांद और सूरज इसकी आरती उतारते हैं, मलयानिल चंवर घुलता है। यह वन्दन की भूमि है, अभिनन्दन की भूमि है। यह तर्पण की भूमि है, यह अर्पण की भूमि है। इसका कंकर–कंकर शंकर है, इसका बिंदु–बिंदु गंगाजल है। हम जिएंगे तो इसके लिए, मरेंगे तो इसके लिए।

उन्होंने बतलाया कि हिन्दू धर्म तथा संस्कृति की एक बड़ी विशेषता समय के साथ बदलने की उसकी क्षमता रही है। अटलबिहारी वाजपेयी कहा करते थे कि मनुष्य जीवन अनमोल निधि है, पुण्य का प्रसाद है। हम केवल अपने लिए न जिए, औरों के लिए भी जिए। उन्होंने अनेको बार कहा है कि भारत के लिए हँसते–हँसते प्राण न्योछावर करने में मैं गर्व का अनुभव करूँगा। अटल बिहारी जी का जन्म ग्वालियर में 25 दिसम्बर 1924 को हुआ था उनके माता–पिता कृष्ण बिहारी वाजपेयी एव कृष्णा वाजपेयी था। रामचंद्र वीर द्वारा रचित अमर कृति 'विजय पताका' पढ़कर अटल जी के जीवन की दिशा ही बदल गयी। अटल जी की बी.ए. की शिक्षा ग्वालियर के विक्टोरिया कॉलेज में हुई। अटलजी ने राजनीति शास्त्र से प्रथम श्रेणी में एम.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण की। एलएलबी की पढ़ाई को बीच में ही विराम देकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के काम में लग गए। भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से अटल जी भी प्रमुख नेताओं में थे। उन्होंने लम्बे समय तक पत्रकारिता करते हुए राष्ट्रधर्म, पांचजन्य और वीर अर्जुन आदि अनेक पत्र–पत्रिकाओं के संपादक के रूप में कार्य किया। अटल बिहारी ने अपना सार्वजनिक जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेकर प्रारम्भ किया। अटलबिहारी जी खुद कहा था कि वे विवाहित तो है किन्तु ब्रह्मचारी नहीं है यह उनके स्पष्टवादिता का प्रतीक है। सन् 1942 में जब गांधी जी ने 'अँग्रेजों भारत छोड़ो' का नारा दिया तो ग्वालियर भी अगस्त क्रांति की लपटों में आ गया। छात्र वर्ग आंदोलन की अगुवाई कर रहा था। अटलजी तो सबके आगे ही रहते थे। जब आंदोलन ने उठा रूप धारण कर लिया तो पकड़–धकड़ होने लगी। अटल जी पुलिस की चपेट में आ गए। उस समय वे नाबालिग थे। इसलिए उन्हें आगरा जेल की बच्चा बैरक में रखा गया। चौबीस दिनों की अपनी इस अल्प प्रथम जेल यात्रा के संस्मरण वे हँस–हँसकर सुनाते थे।

उनके प्रधानमंत्रित्व काल में कश्मीर से लेकर पाकिस्तान तक से बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ था। अलगाववादियों से बातचीत के फैसले पर सवाल उठा कि क्या बातचीत संविधान के दायरे में होगी? तो उनका जवाब था, इंसानियत के दायरे में होगी। अटल बिहारी जी के राजनीतिक विरोधी भी उनकी वाकपटुता और अकाट्य तर्क के कायल रहते थे। अटलजी जब विदेश मंत्री बने तो विभाग के अधिकारीयों ने उनके कक्ष से प्रथम प्रधानमंत्री नेहरुजी की फोटो को हटाने पर उन्हें प्रताड़ित करते हुये उनसे कहा कि परम्परा की पालना होनी चाहिये इसलिये नेहरूजी का फोटो वापस लगाएँ। उन्होंने अपने विपक्षीयों पर कभी भी व्यकिगत आरोप लगाये और ना ही उनकी देशभक्ति पर अंगुली उठाई। उनकी लोकप्रियता का नतीजा था कि वे देश के विभन्न प्रदेशो यथा उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली से सांसद चुने गये। दो बार राज्यसभा के लिये भी निर्वाचित हुए।

अटलजी सबसे लम्बे समय तक सांसद रहे थे। जब वे पहली दफा सांसद बने और उन्होंने संसद अपना भाषण दिया तब तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरूजी ने कहा कि यह युवा सांसद एक दिन इस देश का प्रधानमंत्री बनेगा। दोहरी सदस्यता में मसले पर जनता पार्टी से अलग होकर पुराने जनसंघ के लोगो ने 6 अप्रैल 1980 में भारतीय जनता पार्टी का गठन किया इस पार्टी के प्रथम अध्यक्ष पद का दायित्व भी वाजपेयी को सौंपा गया। पूर्वी पाकिस्तान के विघटन एवं बांग्लादेश देश के जन्म के समय अटल जी ने अपनी राजनैतिक प्रबल विरोधी इंदिरा गांधी जी जी की सराहना करते हुए उन्हें माँ दुर्गा के समान बता कर एक कुशल एवं परिपक्व राजनीति के रूप में अपने आप को स्थापित किया। वाजपेयी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पहिले प्रधानमंत्री बने। 2002 के गुजरात के साम्प्रदायिक दंगों हुई सैकड़ों मौतों बाद प्रधानमंत्री वाजपेयी जी ने अपनी ही पार्टी के मुख्यमंत्री और वर्तमान में देश के प्रधानमंत्री को को राज धर्म के पालन करने की सीख देने की हिम्मत की थी। वाजपेयी जी ने पाकिस्तान से सामान्य सम्बन्ध बनाने के लिए 19 फरवरी 1999 को लाहौर तक की बस द्वारा सफर किया वाघा बॉर्डर पर तत्कालीन पाक प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने उनका स्वागत किया। किन्तु पाकिस्तान ने 3 मई 1999 को कारगिल में अतिक्रमण कर उसे हडपना चाहा तब भारत ने उसे करारा जवाब दिया। वाजपेयी जी ने पाकिस्तान से पुनःसामान्य सम्बन्ध बनाने के लिए तत्कालीन पाक राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ के साथ आगरा में 14 से 16 जुलाई 2001 तक शिखर वार्ता की किन्तु कोई नतीजा नहीं निकला और पाक अपनी हरकतों से बाज नहीं आया।

वाजपेयी जी प्रथम गेर कांग्रेसी पहले प्रधानमंत्री थे जिन्होंने गठबंधन सरकार को न केवल स्थायित्व दिया अपितु सफलतापूर्वक संचालित भी किया। अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान परमाणु शक्ति सम्पन्न देशों की संभावित नाराजगी की परवाह नहीं करते हुए राष्ट्र हित में 1998 में दूसरा परमाणु परीक्षण कर राजनीतिक परिपक्वता का परिचय दिया। अटल जी पहले विदेश मंत्री थे जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ में हिन्दी में भाषण देकर देश को एवं हिन्दी को गौरवान्वित किया था।

जननायक वाजपेयी जी ने एक सौ वर्ष से भी ज्यादा पुराने कावेरी जल विवाद को सुलझाया। ऐसा माना जाता है कि अटल जी के शासनकाल में भारत में जितनी सड़कों का निर्माण हुआ उतना सिर्फ शेरशाह सूरी के समय में ही हुआ था। अटल जी कहा करते थे कि इंसान बनो, केवल नाम से नहीं, रूप से नहीं, शक्ल से नहीं बल्कि हृदय से, बुद्धि से, ज्ञान से बनो। अटलजी ने भारत के प्रजातंत्र को और मजबूती प्रदान की थी उनके लिये भारत का संविधान सर्वोच्च था। सन् 2004 में अपने कार्यकाल पूरा होने से पहले ही भयंकर गर्मी में वाजपेयी जी ने इंडिया शाइनिंग के नारे के साथ लोकसभा के चुनाव कराये जिससे भा.ज.पा. के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबन्धन (एन.डी.ए.) को विजय नहीं मिल सकी थी। अटल बिहारी राजनेता के साथ लेखक और कवि भी थे उन्होंने अनेकों पुस्तके एवं काव्य संग्रह लिखे जिनमे मेरी इक्यावन कविताएँ, मृत्यु या हत्या, अमर बलिदान (लोक सभा में अटल जी के वक्तव्यों का संग्रह), कैदी कविराय की कुंडलियाँ, संसद में तीन दशक, अमर आग है, सेक्युलर वाद, राजनीति की रपटीली राहें, बिन्दु बिन्दु विचार आदि मुख्य है। अटल बिहारी जी को अनेकों पुरस्कार और सम्मानों से नवाजा गया जिनमें प्रमुख हैं फ्रेंड्स ऑफ बांग्लादेश लिबरेशन वार अवॉर्ड, भारत रत्न आदि। अटल जी का मानना था कि अपना देश एक मंदिर है, हम पुजारी हैं, राष्ट्र देव की पूजा में हमें अपने आपको समर्पित कर देना चाहिए।

हमारे पड़ोसी कहते हैं एक हाथ से ताली नहीं बजती हमने कहा कि चुटकी तो बज सकती है। वे वास्तव में एक महामानव ही थे जिनको इतिहास सदेव याद करेगा। लम्बी बीमारी के बाद जनप्रिय अटल जी 16 अगस्त 2018 को शाम 5 बजे पंचमहाभूत में विलीन हो गये। उनका समाधि स्थल राजघाट के पास शांति वन में बनाया गया जिसे स्मृति स्थल के रूप में जाना जाता है। अटल जी की अस्थियों को देश की सभी प्रमुख नदियों में विसर्जित किया गया। 25 दिसम्बर 2024 को अटल जी के 100वें जन्मदिवस पर सभी भारतीय उन के श्रीचरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।


**–डॉ. जे के गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा, जयपुर**

# हमारी समृद्ध विरासत, परम्पराओं और संस्कृति का उत्सव है "कोटा महोत्सव" : ओम बिरला

**■ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गणपति पूजन-वंदन के साथ महोत्सव का शुभारंभ किया**

**कोटा,** (निसं)। हाड़ौती के अनूठे सांस्कृतिक पर्व कोटा महोत्सव का उल्लास के वातावरण में सोमवार को शुभारंभ हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने खड़े गणेशजी मंदिर में भगवान श्रीगणेश की पूजा–अर्चना के बाद कोटा महोत्सव का शुभारंभ किया। गणपति वंदना और कथक नृत्य की मनोरम प्रस्तुतियों के बीच तीन दिवसीय कोटा महोत्सव आरंभ हो गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओम बिरला ने कहा कि यह हम सभी के लिए ऐतिहासिक क्षण है, जब हम इस कोटा की समृद्ध विरासत, परंपराओं और संस्कृति का उत्सव मनाने जा रहे हैं। हमारा कोटा, जहां हर कोने में ऊर्जा, उत्साह और नई संभावनाओं की लहर है, अब अपनी विशिष्ट पहचान को और सुदृढ़ करने की ओर अग्रसर है। यह आयोजन न केवल कोटा के प्रत्येक नागरिक को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ने का एक सुनहरा अवसर देगा, बल्कि इसकी विकास यात्रा और वैश्विक पहचान को भी रेखांकित करेगा।



**कोटा महोत्सव के तहत पहले दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये।**

बिरला ने कहा कि मुझे विश्वास है कि यह कोटा महोत्सव हमारी परंपराओं के संरक्षण और उनकी आधुनिक संदर्भों में प्रस्तुति का प्रतीक भी बनेगा। मैं आशा करता हूँ कि आने वाले सालों में यह महोत्सव न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश की शान बनेगा। कोटा, जिसने शिक्षा के क्षेत्र में खुद को स्थापित किया है, अब संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में भी अपना परचम लहराएगा।

लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि वर्ष 2025 कोटा के लिए विकास और प्रगति का नया अध्याय लेकर आएगा। यह नववर्ष हमारे संकल्पों को साकार करने का वर्ष होगा और कोटा–बूंदी सहित पूरे हाड़ौती क्षेत्र के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। उन्होंने आयोजन से जुड़े समस्त संस्थाओं को धन्यवाद देते हुए हाड़ौतीवासियों से आग्रह किया कि वे इस महोत्सव में उत्साहपूर्वक सहभागी बनें। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, कबीर आश्रम के संत, जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृत दुहन सहित राकेश जैन, आयोजन समिति पदाधिकारी अशोक माहेश्वरी, क्रांति जैन, नितिन विजय, डॉ. साकेत गोयल सहित आयोजन से जुड़ी विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

समारोह में त्रिनेत्र कथक संस्थान की निदेशक अंतर्राष्ट्रीय कलाकार गरिमा भार्गव के निर्देशन में बाल नृत्यांगनाओं ने गणपति स्तुति प्रस्तुत की। गणपति की आराधना के स्वरों में डूबे माहौल में सभी अभिभूत हुए। लोकसभा अध्यक्ष ने कलाकार गरिमा भार्गव एवं दल का अभिनंदन किया। समारोह का मंच संचालन पुरूषोत्तम शर्मा एवं लक्ष्मी देवी ने किया।

# जोधपुर की हितेशी बोराणा के अंगदान किए

**जोधपुर,** (कासं)। नर्सिंग की पूर्व छात्रा हितेशी बोराणा के अंग रविवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स डोनेट किए गए। हितेशी ने एम्स से ही नर्सिंग की पढ़ाई की थी। वे राजकोट में हुए रोड एक्सीडेंट में घायल हो गई थी। डॉक्टरों ने उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन जोधपुर लेकर आए। आज एम्स में अंग डोनेट किए गए। उनकी एक किडनी और लीवर जोधपुर में ही अलग–अलग मरीजों को लगाया गया। वहीं एक किडनी जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल भेजी गई। इसके बाद एम्स प्रशासन ने हितेशी की बॉडी को फूलों से सजी एंबुलेंस में घर पर भेजा। किडनी 38 साल की महिला को ट्रांसप्लांट की गई। किडनी ब्लड प्रेशर ज्यादा होने की वजह से खराब हो गई थी, जबकि लीवर 40 साल के व्यक्ति को लगाया गया। हेपेटाइटिस की वजह से उसका लीवर खराब हो गया था।

गौरतलब है कि पाल रोड के रूपनगर द्वितीय की रहने वाली हितेशी (31) ने जोधपुर के एम्स से ही बीएससी और एमएससी नर्सिंग की थी। डेढ़ साल पहले एम्स राजकोट में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर उसके नौकरी लग गई 12 दिसंबर को राजकोट में सड़क दुर्घटना हुई जिससे उसे गंभीर चोट लगी। 21 दिसंबर को एम्स जोधपुर में लाया गया। यहां जांच के बाद डॉक्टरों ने ब्रेन डेड घोषित कर दिया। इस पर उनके माता–पिता ने ऑर्गन डोनेट करने का निर्णय किया।

## राशिफल मंगलवार 24 दिसम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

पौष मास, कृष्ण पक्ष, नवमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2081, हस्त नक्षत्र दिन 12:17 तक, शोभन योग रात्रि 8:53 तक, गर करण सायं 7:53 तक, चन्द्रमा रात्रि 1:51 से तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–धनु, चन्द्रमा–कन्या, मंगल–कर्क, बुध–वृश्चिक, गुरू–वृष, शुक्र–मकर, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:52 से 11:22 तक, लाभ–अमृत 11:09 से 1:43 तक। शुभ 3:01 से 4:18 तक।


**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 7:17, सूर्यास्त 5:35




**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। दिनचर्या में सुधार होगा।




**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। चलते कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी।



**मिथुन**
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।




**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आज परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।




**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।




**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।



**तुला**
व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी रहेगी। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।




**वृश्चिक**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




**धनु**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। धन प्राप्त होगा।



**मकर**
परिवार में वाद–विवाद टालना ठीक रहेगा। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। परिजनों के व्यवहार के कारण अपमानित होना पड़ सकता है।



**मीन**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 19 संख्याः 259 प्रभात जालोर, मंगलवार 24 दिसम्बर, 2024 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

# बाँग्लादेश ने भारत से लिखित में "डिमाण्ड" की पूर्व प्र.मंत्री हसीना को सौंपने के लिये

## हालांकि, बाँग्लादेश की इस "डिमाण्ड" का कोई संवैधानिक व कूटनीतिक महत्व नहीं है, क्योंकि बाँग्लादेश की सरकार स्वयं किसी संवैधानिक प्रक्रिया से गठित नहीं हुई है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर। बाँग्लादेश ने भारत विरोधी स्वर और तेज कर दिए है और कई क्षेत्रों में भारत के प्रति नाराज़गी जता रहा है।

बाँग्लादेश अच्छी तरह जानता है कि भारत पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को उसके सुपुर्द नहीं करेगा, उसके बाद भी बाँग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारत को डिप्लोमैटिक नोट भेज कर मांग की है कि पूर्व प्रधानमंत्री को बाँग्लादेश को लौटाया जाए।

बाँग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने अपने पत्रकारों को बताया कि पड़ोसी देश को शेख हसीना को सौंपे जाने के लिए नोट भेजा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने ऐसा नोट मिलने की पुष्टि की, पर प्रवक्ता ने इस पर कोई भी टिप्पणी करने से मना कर दिया।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया कि शेख हसीना को बाँग्लादेश के सुपुर्द किया जाएगा या नहीं।

- पर, बाँग्लादेश की यह "डिमाण्ड" इस बात का प्रमाण है कि बाँग्लादेश एक के बाद एक ऐसे निर्णय लेता जा रहा है जो भारत के लिये दिक्कत उत्पन्न करें।
- शेख हसीना के अपदस्थ होने से पहले, बाँग्लादेश पूरी तरह सहयोग करता था, भारत विरोधी आतंकवादियों को पकड़ने व कैद करने में। पर, अब बाँग्लादेश ने उन सभी आतंकवादियों को जेल से रिलीज़ कर दिया और स्वतंत्र छोड़ दिया है, जो भारत विरोधी आतंकवादी गतिविधियों के कारण बाँग्लादेश की जेल में बंद थे।
- बाँग्लादेश ने पाकिस्तान की ओर मित्रता का हाथ बढ़ाया है और बाँग्लादेश के अफसरों को आदेश दिये गये हैं कि भारत से माल का आयात बंद करें तथा पाकिस्तान व अन्य मुस्लिम देशों से माल मंगायें।
- बाँग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस हाल ही में पाकिस्तान के प्र.मंत्री शाहबाज़ शरीफ से कैरो में मिले तथा पाकिस्तान के मालवाहक जहाज अब चटगांव पहुँचने लगे हैं।

शेख हसीना के बाँग्लादेश छोड़ने के बाद, देश निर्वाचित सरकार की बजाय सेना द्वारा नियुक्त सलाहकारों द्वारा चलाया जा रहा है। नोबल अवॉर्ड विजेता मोहम्मद यूनुस प्रधान सलाहकार हैं और निर्वाचित प्रधानमंत्री की तरह व्यवहार कर रहे हैं और कई उनके सहायक हैं, जो सरकार के विभिन्न विभाग संभाल रहे हैं।

बाँग्लादेशी सरकार का कहना है कि विभिन्न अपराधिक गतिविधियों के लिए शेख हसीना को अदालत का सामना करना है। बाँग्लादेश की एक संस्था इंटरनैशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल ने हसीना को उनकी सरकार के सदस्यों की गतिविधियों के लिए सम्मन भेजा है।

बाँग्लादेश की मौजूदा सरकार ने उन पर कई आरोप लगाए हैं, जिनमें सार्वजनिक फंड में गड़बड़ी करना भी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## प्र.मंत्री मोदी क्रिसमस उत्सव में शामिल हुए

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर। प्रधानमंत्री कार्यालय ने अपने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को कैथलिक विशप्स" कॉन्फ्रैंस ऑफ इण्डिया (सी.बी.सी.आई.) द्वारा नई दिल्ली के सी.बी.सी.आई. सैन्टर में आयोजित क्रिसमस समारोह में शामिल हुये।

- क्रिसमस उत्सव का आयोजन कैथलिक बिशप्स कॉन्फ्रैंस ऑफ इंडिया ने नई दिल्ली में किया था।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि प्रधानमंत्री ईसाई समुदाय की प्रमुख हस्तियों, जिनमें कार्डिनल, बिशप तथा चर्च संस्था के प्रतिष्ठित लोग शामिल हैं, से बातचीत करेंगे।

# अडानी ग्रुप ने "सिविल एविएशन" (नागरिक उड्डयन) सैक्टर पर अपना शिकंजा और मजबूत किया

## देश की सबसे बड़ी "मेन्टनैंस, रिपेयर व ओवरहॉल" (रख-रखाव, मरम्मत) की, प्राइवेट सेक्टर की सबसे बड़ी कम्पनी "एयर वर्क्स" को 400 करोड़ रूपए में खरीदा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर। अडानी ग्रुप ने सोमवार को एयर वर्क्स के अधिग्रहण की घोषणा की, जो भारत में सबसे बड़ी प्राइवेट एविएशन, मैंटिनैंस, रिपेयर और ओवरऑल सर्विस फर्म है। अडानी ने इसे 400 करोड़ रूपए में खरीदा है। डील अडानी डिफैन्स सिस्टमस एण्ड टैक्नॉलजीस लिमिटेड (ए.डी.एस.टी.एल.) के मार्फत हुई जिसका कंपनी के 85.8 प्रतिशत शेयर है।

एयर वर्क्स 35 शहरों में सक्रिय है, जिसमें 1300 से ज्यादा प्रोफैशनल काम करते हैं। यह फिक्स्ड विंग एवं रोटैरी विंग एयर क्राफ्ट की सर्विस में विशेष रूप से दक्ष हैं। अधिग्रहण से अडानी की सिविल एवं डिफैन्स एविएशन में क्षमता बढ़ेगी जो कि ग्रुप के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

- "एयर वर्क्स" कंपनी का भारत के पैंतीस शहरों में काम काज, 1300 प्रोफैशनल अफसरों के मार्फत चलता है।
- अडानी ने पहले से ही देश के कई बड़े-बड़े एयर पोर्ट्स का संचालन अपने हाथों में ले रखा है तथा गुजरात के तट पर स्थित कई बंदरगाहों के संचालन में भी अडानी ग्रुप का काफी दखल है।
- अडानी एयर पोर्टस के निदेशक जीत अडानी ने बताया कि भारत में उड्डयन सैक्टर भारी उछाल पर है तथा भारत शीघ्र ही 1500 हवाई जहाज खरीदने जा रहा है। इस खरीद से भारत का "एविएशन सैक्टर", जो विश्व में फिलहाल तीसरे नम्बर है, और ऊपर पायदान पर चढ़ सकता है और हम (अडानी ग्रुप), भारत के आकाश में उड़ने वाली मशीनों के "इकोसिस्टम" को आकार देंगे।

अडानी एयर पोर्ट्स के डायरैक्टर जीत अडानी ने भारत के एविएशन उद्योग के क्रांतिकारी विकास पर जोर दिया और कहा कि यह विश्व का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन उद्योग है। आगामी वर्षों में इसमें 1500 हवाई जहाज और जोड़े जाएंगे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )


## मानवाधिकार आयोग ने भी ट्रेलर ब्लास्ट का प्रसंज्ञान लिया

जयपुर, 23 दिसंबर। राज्य मानवाधिकार आयोग ने अजमेर रोड पर एलपीजी ट्रेलर ब्लास्ट मामले में मुख्य सचिव, गृह सचिव, परिवहन आयुक्त, जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस आयुक्त और एनएचएआई अध्यक्ष को नोटिस जारी कर प्रकरण की रिपोर्ट और पीड़ितों को मुआवजा संबंधी जानकारी पेश करने को कहा है। इसके साथ ही, आयोग ने इन अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि विधिक प्रावधानों की पालना कर ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जाए। आयोग अध्यक्ष जस्टिस जीआर मूलचंदानी ने यह आदेश प्रकरण में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए दिए।

- मुख्य सचिव, गृह सचिव, परिवहन आयुक्त, जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस आयुक्त व एन.एच.ए.आई. अध्यक्ष से प्रकरण तथा पीड़ितों को मुआवज़े की जानकारी मांगी।

आयोग ने अपने आदेश में कहा कि निजी बसों में मानक के अनुकूल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



*प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक, पटकथा लेखक और निर्माता श्याम बेनेगल का सोमवार को मुंबई में 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को किया जाएगा। उनकी बेटी पिया बेनेगल ने बताया, वे लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। श्याम बेनेगल के नाम सबसे ज्यादा नेशनल अवॉर्ड जीतने का रिकॉर्ड है। उन्हें 8 फिल्मों के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। चौदह दिसंबर 1934 को हैदराबाद में जन्मे श्याम बेनेगल को साल 1976 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। इसके बाद उन्हें साल 1991 में पद्म भूषण भी मिला। साल 2005 में वे सर्वोच्च फिल्म पुरस्कार दादा साहब फाल्के अवॉर्ड से भी नवाज़े गए। उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 'अंकुर' से की। इसके बाद रिलीज़ हुई उनकी फिल्म "निशांत" 1975 की सबसे चर्चित फिल्म थी। 1976 में यह फिल्म कान फिल्म समारोह में पाल्मे डी' ओर के लिए नामांकित हुई।*

## पिता के हत्यारे पुत्र को आजीवन कारावास की सजा

जयपुर, 23 दिसंबर। अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-6 महानगर द्वितीय ने आपसी झगड़े के दौरान पिता के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर हत्या करने वाले अभियुक्त पुत्र कन्हैयालाल मीणा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, अदालत ने 20 वर्षीय इस अभियुक्त पर पचास हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी बालकृष्ण कटारा ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त की निशानदेही पर ही घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद हुई और एफएसएल रिपोर्ट से साफ है कि इस कुल्हाड़ी से ही हत्या हुई है। ऐसे में अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

- बीस वर्षीय अभियुक्त पर अपने पिता के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर हत्या करने का आरोप था।

अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक सत्येन्द्र सिंह ने अदालत को बताया कि घटना को लेकर परिवादी शेर सिंह मीणा ने 7 जून, 2021 को सेज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि रात करीब आठ बजे उसकी चाची और किशन का फोन आया कि जल्दी से गोवर्धन चाचा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'परभनी हिंसा का पीड़ित सूर्यवंशी दलित होने के कारण मारा गया'

## राहुल गांधी ने यह भी कहा कि मृतक सोमनाथ सूर्यवंशी संविधान की रक्षा के लिए लड़ रहा था

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर। लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार को सोमनाथ सूर्यबंशी के परिवार से मिले, जिनकी इस माह के आरंभ में महाराष्ट्र के परभनी में हुई हिंसा के बाद न्यायिक हिरासत में मौत हो गई थी।

पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर निशाना साधा और यह आरोप भी लगाया कि वह इसलिए मारा गया, क्योंकि वह दलित था और संविधान की रक्षा के लिए लड़ रहा था।

मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने राहुल के इस आरोप पर तुरंत प्रतिक्रिया दी और कहा कि वे राजनैतिक कारणों से परभनी आए थे। मुख्यमंत्री ने कहा, "हमने न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। सच सामने आ जाएगा। अगर जांच में पता चला कि उसकी मौत पीटे जाने की वजह से हुई है, तो दोषी लोगों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।"

उससे पहले राज्य विधानसभा में फड़नवीस ने कहा था कि सी.सी.टी.वी फुटेज में सोमवंशी के खिलाफ हिंसा के सबूत नहीं मिले हैं।

- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी के इस बयान को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि सी.सी.टी.वी. फुटेज में सूर्यवंशी को पीटे जाने का प्रमाण नहीं मिला है।

मीडिया ने गांधी को यह कहते हुये उद्धृत किया, "कोई राजनीति नहीं की जा रही है... विचारधारा जिम्मेदार है, चूँकि मुख्यमंत्री ने यह बयान दिया है, इसलिये मुख्यमंत्री जिम्मेदार हैं, जिन लोगों ने उसके प्राण लिये हैं, वे लोग जिम्मेदार हैं तथा जल्दी से जल्दी कार्यवाही होनी चाहिये।"

कांग्रेस नेता ने कहा कि वे, मार दिये

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# प्र.मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग से युवाओं को 71,000 जॉब लैटर वितरित किए

## प्रियंका गांधी ने व्यंग्यात्मक टिप्पणी की कि सरकार रोजगार के फॉर्म पर भी 18 प्रतिशत जी.एस.टी. लगा रही है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग के माध्यम से 71,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले डेढ़ साल में जितनी स्थायी सरकारी नौकरियाँ दी हैं, वह अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

उन्होंने कहा कि हजारों युवा महिलाओं को नियुक्ति पत्र दिये गये हैं। मोदी ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने पर सरकार के संकल्प पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने चौधरी चरण सिंह को उनकी वर्षगाँठ पर श्रद्धा के साथ स्मरण किया। ज्ञातव्य है कि उन्हें इस वर्ष भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। उन्होंने कहा, "हम इस दिन को किसान दिवस या राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाते हैं तथा देश के सभी किसानों, जो हमारे अन्नदाताओं को नमन करते हैं।"

- प्रियंका ने यह भी कहा कि अगर नौकरी का पेपर लीक हो जाता है या रद्द हो जाता है तो बेरोज़गार अभ्यर्थियों की यह राशि डूब जाती है।
- प्रियंका गांधी ने एक्स पर की गई अपनी टिप्पणी के साथ सरकारी नौकरी के विज्ञापन की कॉपी संलग्न की। इसमें एस.सी./एस.टी. सहित विभिन्न श्रेणी के अभ्यर्थियों से 18 प्रतिशत जी.एस.टी. लिए जाने का उल्लेख था।
- प्रधानमंत्री ने रोजगार पत्र वितरण करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह को भी श्रृद्धांजलि दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने चरण सिंह के इस कथन को याद करते हुये कहा कि अगर भारत के ग्रामीण क्षेत्र समृद्ध होंगे, तभी देश आगे बढ़ेगा, आज कहा कि सरकार की नीतियाँ तथा निर्णय ग्रामीण भारत में नये रोजगार एवं स्व-रोजगार के अवसर पैदा कर रहे हैं।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज भाजपा के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह प्रत्येक सरकारी नौकरी, जिसमें "अग्निवीर" भी शामिल है, के परीक्षा आवेदन पत्रों पर जी.एस.टी. वसूल रही है।

उनका यह बयान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों एवं प्रतिष्ठानों में नव-नियुक्त युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग के जरिये 71,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किये जाने के बाद आया।

प्रियंका गांधी, जो केरल की वायनाड सीट से कांग्रेस सांसद हैं, ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, "भाजपा युवाओं को रोजगार नहीं दे सकती, वह तो परीक्षा-फॉर्मों पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. वसूल कर, युवाओं के ज़ख्मों पर नमक छिड़क रही है। अग्निवीर सहित सभी सरकारी नौकरियों के फॉर्मों पर जी.एस.टी. वसूला जा रहा है।"

सत्तारूढ़ दल पर प्रहार करते हुये,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )


# बोरवेल में गिरी तीन वर्षीय बालिका चेतना, एनडीआरएफ-एसडीआरएफ की टीम पहुंची

## चिकित्सा विभाग ने पानी के पाइप की सहायता से बालिका तक ऑक्सीजन पहुंचाने का कार्य शुरू किया

- कोटपूतली के ग्राम किरतपुरा की ढाणी बड़ीयाली में दो दिन पहले ही बोरवेल से पाइप निकाले गये थे, जिस पर कोई सीमेंटेड पत्थर रखा गया था
- चेतना की बड़ी बहन ने बताया कि उसने अचानक वह पत्थर हटा दिया एवं फिसलकर चेतना उसमें गिर गई

**कोटपूतली,** (निसं)। दौसा के ग्राम कालीखाड़ में गत दिनों पांच वर्षीय बालक आर्यन के बोरवेल में गिरकर दम तोड़ देने की घटना लोग अभी भूले भी नहीं थे कि सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे कोटपूतली के ग्राम किरतपुरा की ढाणी बड़ीयाली में एक तीन वर्षीय बालिका बोरवेल में गिर गई।

जानकारी के अनुसार ढाणी बड़ीयाली निवासी भूपेन्द्र चौधरी की तीन वर्षिय बालिका चेतना अपनी बड़ी बहन के साथ स्कूल से लौटने के बाद घर के बाहर खेलने गई थी, जहां दो दिन पूर्व ही खोदे गये बोरवेल में वह अचानक पैर फिसलने से गिर गई। बताया जा रहा है कि बोरवेल से दो दिन पूर्व ही पाइप निकाले गये थे जिस पर कोई सीमेंटेड पत्थर रखा गया था। चेतना की बड़ी बहन ने बताया कि उसने अचानक वह पत्थर हटा दिया एवं फिसलकर उसमें गिर गई। चेतना की बहन ने यह बात अपने माता-पिता को बताई तो जहां परिजनों के हाथ पांव फूल गये। हादसे की सूचना तुरन्त सरूण्ड थाना पुलिस को



बोरवेल में गिरी तीन वर्षीय बालिका चेतना को बचाने के लिये प्रशासन ने रेस्क्यू अभियान शुरु किया।

दी गई। सूचना पर आनन-फानन में मौके पर सरूण्ड थाना पुलिस सहित पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी घटना स्थल पहुंच गये।

इधर चिकित्सा विभाग ने भी आनन-फानन में मौके पर पहुंचकर पानी के पाइप की सहायता से बोरवेल में गिरी बालिका तक ऑक्सीजन पहुंचाने का कार्य शुरू किया। वहीं प्रशासन ने सीसीटीवी कैमरा बोरवेल में लगाकर बालिका के मूवमेंट को देखा। तत्पश्चात जयपुर से घटना के करीब ढाई से तीन घंटे बाद पहुंची एनडीआरएफ-एसडीआरएफ की टीम की सहायता से जेसीबी से खुदाई कर बालिका का रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों का जमावड़ा लगा हुआ है। हर कोई चेतना के सहकुशल बाहर निकालने की दुआ कर रहा है। इधर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है।

इस दौरान जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह, विधायक हंसराज पटेल, पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत, एएसपी वैभव शर्मा, एसडीएम बृजेश चौधरी, तहसीलदार रामधन गुर्जर, सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, बीसीएमओ डॉ. पूरणचंद गुर्जर, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, पूर्व जिला पार्षद धूड़सिंह शेखावत समेत अन्य मौके पर मौजूद रहे। वहीं रेस्क्यू ऑपरेशन के लिये जयपुर से एनडीआरएफ-एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया गया। जिसे पहुंचने में थोड़ा समय भी लगा। बचाव कार्य के दौरान पहले कैमरा व ऑक्सीजन भी डाला गया, जिसमें सामने आया कि बच्ची सिर के बल करीब 140 फीट गहराई पर बोरवेल में फंसी हुई है, जहां से बच्ची के रोने की आवाज भी रूक-रूककर आ रही है। घटना स्थल पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी जमा है एवं बालिका को रेस्क्यू करने के निरन्तर प्रयास किये जा रहे है। वहीं प्रशासन द्वारा मौके पर बैरीकेडिंग भी करवाई गई है।

जानकारी के अनुसार प्रदेशभर में गत चार माह के दौरान करीब आधा दर्जन घटनायें बच्चों के बोरवेल में गिरकर जान गंवाने की हो चुकी है, इसके बावजूद भी ना तो प्रशासन कोई कार्यवाही कर रहा है एवं ना ही आमजन को सबक मिल रहा है। सोमवार को किरतपुरा में हुई घटना में भी भारी लापरवाही देखने को मिल रही है।

# प्रदेश के स्कूलों में कल से शीतकालीन अवकाश शुरु

- 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक नहीं खुलेंगे स्कूल
- सर्दी बढ़ने पर कलेक्टर छुट्टियां बढ़ा सकेंगे

**बीकानेर,** (निसं)। प्रदेश के स्कूलों में 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। हर साल शिविरा पंचांग में 25 दिसंबर क्रिसमस के दिन से ही सर्दी की छुट्टियां शुरू जाती हैं, जो पांच जनवरी तक चलती हैं। इस बार शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा था कि तेज सर्दी सर्दी पड़ने पर ही स्कूलों में शीतकालीन अवकाश (25 दिसंबर के बाद) किया जाएगा, हालांकि उनके इस बयान को लागू नहीं किया गया और शिविरा पंचांग के हिसाब से ही छुट्टियां दी गई हैं।

निदेशक सीताराम जाट ने बताया कि शिविरा पचांग में पूरे साल की एक्टिविटी होती है। उसके अनुसार ही 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक छुट्टियां की गई है। ये प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों के लिए लागू होगा। सर्दी ज्यादा होती है तो जिला कलेक्टर अपने स्तर पर निर्णय करते हैं लेकिन अभी ऐसी कोई स्थिति नहीं है। आमतौर पर हर साल पांच जनवरी के बाद छुट्टियों में बढ़ोतरी का आदेश जारी हो जाता है। खासकर क्लास नर्सरी से आठवीं तक के स्टूडेंट्स की छुट्टियां बढ़ जाती है। पिछले सेशन में जयपुर में 6 जनवरी से 13 जनवरी तक छुट्टियां बढ़ा दी गई थी। ऐसे में जयपुर में 25 दिसंबर से 13 जनवरी तक छुट्टियां हो गई थी। शिक्षा विभाग 5 जनवरी के बाद स्कूलों में छुट्टी करने का अधिकार कलेक्टर को दे देते हैं ताकि वो अपने-अपने क्षेत्र में सर्दी के आधार पर छुट्टियां कर सकें। पिछले सेशन में कलेक्टर्स ने ही अधिकांश जिलों में छुट्टी कर दी थी।

जयपुर स्थित शिक्षा संकुल में चार महीने पहले शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा था कि इस बार सर्दियों का अवकाश पूर्व निर्धारित तिथियों पर देने की बजाय सर्दी पड़ने पर ही घोषित किया जाएगा। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में आमतौर पर शीतकालीन अवकाश 25 से 31 दिसंबर तक दिया जाता है, लेकिन अब शिक्षा विभाग शीतकालीन अवकाश की तारीख में बदलाव करने की तैयारी कर रहा है। पिछले कुछ समय से देखने को मिल रहा है कि शीतकालीन अवकाश की अवधि में सर्दी का असर ज्यादा देखने को नहीं मिलता। बाद में कड़ाके की सर्दी पड़ती है। स्कूलों में अवकाश घोषित करने पड़ते हैं। ऐसे में विभाग मंथन कर रहा है कि प्रदेश में जब कड़ाके की सर्दी पड़े, तभी शीतकालीन अवकाश के आदेश जारी किया जाएं। हालांकि उस फैसले को 24 घंटे में ही बदल दिया गया था।

# डीएलएड प्रथम वर्ष का परिणाम जारी

**बीकानेर,** (निसं)। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने सोमवार को डिजिटल माध्यम से डीएलएड प्रथम वर्ष परीक्षा का परिणाम घोषित किया। शिक्षा विभागीय परीक्षाओं के पंजीयक नरेंद्र कुमार सोनी ने बताया कि परीक्षा में 24459 परीक्षार्थी शामिल हुए। इनमें से 24382 परीक्षार्थियों का परिणाम जारी किया गया है। इसके अनुसार 21626 परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे। परीक्षार्थी शाला दर्पण पोर्टल के डीएलएड एग्जाम टेब में जाकर स्वयं के लॉगिन आईडी और पासवर्ड के माध्यम से अपना परीक्षा परिणाम देख सकेंगे। डीएलएड प्रभारी अनिल ने बताया कि 77 प्रशिक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम रोका गया है।


**महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर**

**निविदा सूचना**

विश्वविद्यालय में सम्बद्धता शुल्क सॉफ्टवेयर कार्य हेतु निविदा जारी की गयी है, जिनके यूबीएन GSU2425SSOB00048 है। निविदाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी **http://www.sppp.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/24/9448 वित्त नियंत्रक



**कार्यालय नगरपालिका मसूदा जिला ब्यावर (राजस्थान)**

गांधी चौक मसूदा

क्रमांकः न0पा0म0/2024/137 दिनांक : 20.12.2024

**-: ऑफलाईन निविदा सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि नगरपालिका मसूदा द्वारा राजकीय विभाग में नियमानुसार उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से कार्य हेतु ऑफलाईन निविदा निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती हैं। ऑफलाईन निविदा कार्य संख्या-01, 02 व 03 तक के अनुमानित लागत 22.90 लाख हैं। ऑफलाईन निविदॉए दिनांक 07.01.2025 को 01.00 बजे तक प्राप्त विकय की जाकर उसी दिन उपस्थित निविदादाताओं तथा उनके प्रतिनिधी के समक्ष दोपहर 04.00 बजे खोली जायेगी।

उपरोक्त निविदा सम्बन्धित सूचना WWW.sppp.raj.nic.in साईट पर देखी जा सकती हैं।

NIB CODE Reference No. DLB2425A4458, DLB2425A4460 & DLB2425A4461

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका मसूदा

राज.संवाद/सी/24/9424


# पांच करोड़ की चौथवसूली के आरोप की शिकायत फर्जी निकली

## एपीओ सीएमएचओ डॉ. दिनेशचंद मीना पर चौथवसूली के आरोप लगाये थे

- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की गठित कमेटी को शिकायतकर्ता के नाम व पते काल्पनिक निकले

**करौली,** (निसं)। गत दिनों एपीओ किये गये सीएमएचओ डॉ. दिनेशचंद मीना पर झोलाछापों से पांच करोड़ रूपये की चौथवसूली के आरोप में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की गठित कमेटी शिकायत करने वाले आदमी के नाम व पते काल्पनिक निकले।

ग्राम बूकना तहसील सपोटरा निवासी विजय सिंह मीना ने मार्च में मुख्यमंत्री को करौली सीएमएचओ डॉ. दिनेशचंद मीना की जिले के झोलाछापों से प्रतिवर्ष पांच करोड़ रूपये की चौथवसूली करने के आरोप की शिकायत की थी। मामले में जांच के लिये गत दिनों चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के निदेशक जन स्वास्थ्य के द्वारा मामले में कमेटी का गठन किया जाकर जांच के निर्देश दिये गये। जांच के दौरान शिकायतकर्ता विजय सिंह मीना का नाम ग्राम बूकना में होना नहीं पाया गया। इस बाबत पुष्ठि हेतु जिला परिषद् सदस्य वार्ड 14 राजेश कुमार मीना व पंचायत समिति सदस्य वार्ड 7 के हेमराज मीना ने भी पत्र के जरिये की है।

भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री भाजपा शहर मण्डल करौली के द्वारा निदेशक को पत्र लिखकर की जा रही शिकायत को कूटरचित व फर्जी बताया गया एवं उनके विपक्षी लोगों के द्वारा राज्य सरकार को गुमराह करने के लिये अनावश्यक शिकायत की जा रही है। बताया गया है कि एपीओ किये गये सीएमएण्डएचओ का व्यवहार एवं अपने कार्यकाल में को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निभाया गया है।



जोधपुर : पर्यटन विभाग राजस्थान एवं जिला प्रशाशन पाली के संयुक्त तत्वाधान में रणकपुर में आयोजित रणकपुर जवाई बांध महोत्सव में भारतीय स्टेट बैंक में कार्यरत जोधपुर के कैलाश सोलंकी ने मूंछ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोलंकी को लक्ष्मीनारायण, चूनाराम जाट एसपी पाली ने मूंछ ऑफ गोडवाड 2024 के पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रतियोगिता में लगभग 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जोधपुर के ही हिमांशु गुर्जर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।


**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2024-25/204 - 206 Date : 20/12/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या : 55/2024-25**

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | | |
|---|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | : | रूपये 99.66 लाख (05 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | : | 21.12.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 30.12.2024 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : | 21.12.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 30.12.2024 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : | 31.12.2024 को प्रातः 11.00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट **urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur**, **www.eproc.rajasthan.gov.in** व **www.sppp.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है।

UBN No. : ITU2425WSOB00405 To ITU2425WSOB00409

अधिशाषी अभियन्ता - द्वितीय
उदयपुर विकास प्राधिकरण

राज.संवाद/सी/24/9446


# शिल्पग्राम उत्सव : राठवा, रौफ और चरी जैसे फोक डांस पर दर्शक झूमे

**उदयपुर,** (कासं)। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर द्वारा हवाला स्थित शिल्पग्राम में चल रहे दस दिवसीय शिल्पग्राम महोत्सव के तीसरे दिन सोमवार को मुक्ताकाशी मंच पर सैकड़ों दर्शक विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों और अन्य फोक प्रस्तुतियों के गवाह बने। साथ ही लोक धुनों पर खूब जमकर झूमे। शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी मंच पर छत्तीसगढ़ के लोक कला के प्रतीक पंडवानी गायन की प्रस्तुति से शुरू हुआ लोक के रंग-लोक के संग का कार्यक्रम जब गुजराती आदिवासी डांस राठवा की धूम के साथ पूर्णता पर पहुंचते- पहुंचते दर्शकों में जोश, उमंग के साथ ही संस्कृति के सम्मान की भावना हिलोरें लेते दिखी।



शिल्पग्राम महोत्सव में लोक कला संस्कृतियों में फोक डांस पर दर्शक झूम उठे।

हिमाचल प्रदेश के सिरमौरी नाटी और कर्नाटक के देवी उपासना के नृत्य पूजा कुनिथा ने जहां शिल्पग्राम का माहौल भक्तिरस से सराबोर कर दिया, वहीं गोवा के देखनी डांस की लयकारी और सुंदर प्रस्तुति ने दर्शकों को मोहित कर दिया। कश्मीर के लोक नृत्य रौफ में डांसर्स के सुंदर समन्वय और बुमरो बुमरो... के गीत-संगीत पर दर्शक खूब झूमे। इनके साथ ही महाराष्ट्र के लावणी डांस की धुन के साथ दर्शक डांसर्स से लय मिलाते दिखे। गुजरात के तलवार रास ने जहां देश की आजादी के लिए कुर्बानी देने वाले शहीदों के युद्ध कौशल के प्रदर्शन से दर्शक खूब रोमांचित हुए, तो मणिपुरी लाई हारोबा डांस ने लोगों का मन जीतने के साथ ही खूब तालियां बटोरी। इन प्रस्तुतियों के बीच राजस्थान के बारां जिले के ठेठ आदिवासी अंचल की जनजाति सहरिया के लोक नृत्य ने होली का स्वांग पेश कर अपनी अलग ही छाप छोड़ी। इन प्रस्तुतियों के दौरान सौरभ भट्ट निर्देशित 'स्किट' ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया। इसमें सौरभ भट्ट, आसिफ, महमूद और अभिषेक झांकल की एक्टिंग काबिल ए दाद रही।

पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया मंगलवार शाम शिल्पग्राम का दौरा करेंगे। इस दौरान वे गोल्फ कार्ट पर शिल्पग्राम परिसर का अवलोकन करेंगे। इसके बाद मुक्ताकाशी मंच पर दीप प्रज्वलन के बाद लोक कला प्रेमियों को संबोधित करेंगे। साथ ही, मंच पर लोक संस्कृति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां देखेंगे। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक फुरकान खान उनका स्वागत करेंगे।

# श्रीडूंगरगढ़ में डमी परीक्षार्थी पकड़ी

**बीकानेर,** (निसं)। वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा की ओर से आरएससीआईटी परीक्षा आयोजित की गई। बीकानेर संभाग में पंजीकृत 19249 विद्यार्थियों के लिए 50 केंद्रों पर सुबह 10 से दोपहर 11 बजे तक परीक्षा हुई। बीकानेर जिले के श्रीडूंगरगढ़ ब्लॉक में परीक्षा के दौरान एक फर्जी परीक्षार्थी को पकड़ा गया। 17 वर्षीय छात्रा परीक्षार्थी अपनी मौसी बिरजू के स्थान पर परीक्षा देने पहुंच गई। आधार कार्ड की जांच में छात्रा पकड़ में आ गई। केंद्राधीक्षक की ओर से पूछताछ में फर्जी परीक्षार्थी ने बताया कि वह अपनी मौसी के स्थान पर परीक्षा देने आई है। मौसी दो दिन के लिए गांव गई है। फर्जी परीक्षार्थी ने मौसी का नाम बिरजू श्रीडूंगरगढ़ निवासी बताया। उधर, खुला विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय निदेशक बलवान सिंह सैनी ने बताया कि मूल एवं फर्जी परीक्षार्थी के विरुद्ध नकल रोकथाम अधिनियम 1992 के तहत कार्यवाही की गई है। वहीं केंद्राधीक्षक विनोद सुथार ने इस संबंध में पुलिस थाने में मामला भी दर्ज कराया है।


**हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड**
**HINDUSTAN COPPER LIMITED**
www.hindustancopper.com

**सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए संविदा के आधार पर नियुक्ति**
**वॉक इन साक्षात्कार**

| | |
|---|---|
| 1. चार्जमैन (इलैक्ट्रिकल) – 23 पद | 3. इलैक्ट्रिशियन 'बी' – 36 पद |
| 2. इलैक्ट्रिशियन 'ए' – 36 पद | 4. माईनिंग मेट – 01 पद |

इच्छुक पात्र उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए दिनांक 30.12.2024 **(सोमवार)** एवं **दिनांक 16.01.2025 (गुरुवार) को वार्तालाप कक्ष, द्वितीय तल प्रशासन भवन खेतड़ी कॉपर कॉम्पलैक्स में प्रातः 11:00 बजे** रिपोर्ट करें। साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को टीए/डीए देय नहीं होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की वेबसाइट **www.hindustancopper.com** देखें। इस संबंध में किसी भी प्रकार के संशोधन या परिवर्तन के लिए हमारी उक्त वेबसाइट देखें।

खेतड़ी कॉपर कॉम्पलैक्स, पो.ऑ: खेतड़ी नगर-333504
जिला: नीम का थाना, राजस्थान, ईमेल: ashwani_g@hindustancopper.com


# पश्चिमी विक्षोभ का असर : जोधपुर, बीकानेर व अनूपगढ़ जिलों में हुई बरसात

## अनूपगढ़ में हल्की बारिश से फसलों को जीवनदान मिला

**अनूपगढ़,** (निसं)। अनूपगढ़ जिले की रावला, रोजड़ी, 10 सरकारी, श्रीबिजयनगर सहित कई स्थानों पर हल्की बरसात हुई, साथ ही, सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। मौसम में अचानक आए इस बदलाव से आमजन को ठंड का अहसास करवाया। रात्रि में मुख्य चौक पर अलाव तापते नजर आए। हल्की बरसात के बावजूद किसानों को अभी अच्छी मावठ का इंतजार है। गेहूं, और सरसों जैसी रबी की फसलों के लिए मावठ को बेहद लाभकारी माना जाता है। आगामी दिनों में हल्की बारिश और तापमान में और गिरावट की संभावना जताई जा रही है।

जिले में रविवार दिनभर बादल छाने के बाद देर रात हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई। रात लगभग साढ़े 12 बजे मेघ गर्जना के साथ हल्की बरसात भी हुई। दिनभर बादलवाही रहने से किसानों में मावठ की उम्मीद जाग उठी थी। वहीं मौसम विभाग के अनुमान तथा पिछले कुछ दिनों से वातावरण में आई नमी से रबी की फसल को लेकर किसानों की उम्मीद बढ़ गई है।

सोमवार सुबह के समय खेतों में फसलों पर ओस की बूंदें मोतियों की तरह चमकती नजर आ रही हैं। गांव 25 ए के किसान पायलट सिंह ने बताया कि फसलों को इस समय नमी की सख्त जरूरत है। रविवार रात्रि हल्की बरसात हुई, यदि मावठ की अच्छी बारिश हो जाती है, तो यह हमारी गेहूं, सरसों और चने की फसलों के लिए वरदान साबित होगी। किसान हरीश सिंह ने बताया कि पहले सूखी ठंड से फसलों पर पाले का डर बना हुआ था, लेकिन अब हल्की बरसात और ओस के कारण राहत मिली है।

सहायक निदेशक कृषि विस्तार रामनिवास गोदारा ने बताया कि इस समय होने वाली मावठ की बारिश न केवल फसलों की पैदावार बढ़ाएगी, बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत करेगी। गोदारा ने बताया कि इस बार सरसों का बिजान गेहूं के बिजान से ज्यादा है। हालांकि कहीं कहीं गेहूं का बिजान अभी भी हो रहा है, लेकिन इसके बावजूद सरसों का बिजान ज्यादा रहने की ही संभावना है। यदि मावठ और धुंध नहीं आई तो फसलों को सूखी ठंड और पाले की मार पड़ सकेगी। सरसों की फसल को ही पाले से सबसे ज्यादा नुकसान की आशंका हैं। गोदारा ने बताया कि फसलों के अच्छे उत्पादन में मावठ सहायक सिद्ध होगी।

## बीकानेर में मौसम की पहली बारिश

**बीकानेर,** (निसं)। सर्दी की पहली बारिश ने मौसम सुहाना कर दिया है। सर्दी का अहसास कुछ बढ़ा है, लेकिन रिमझिम बारिश से मौसम खिल गया है। सुबह सवा नौ बजे तक भी धूप नहीं खिल पाई है। उधर, स्कूली बच्चों को रिमझिम बारिश के बीच भी जाना पड़ा है क्योंकि स्कूलों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा चल रही है। बीकानेर में दिन और रात दोनों का तापमान बढ़ गया था। न्यूनतम तापमान तो 8.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था जो रविवार रात बारिश के बाद कम हो गया। सर्दी फिर से बढ़ गई है। उम्मीद की जा रही थी कि बारिश के बाद सोमवार सुबह कोहरे में लिपट कर आएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ क्योंकि रिमझिम का दौर सुबह तक अनवरत चलता रहा। बीकानेर में तापमान में कमी आने के साथ ही सर्दी बढ़ गई है। अब अगले कुछ दिन तक न्यूनतम तापमान में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। जनवरी तक बीकानेर में पारा गिरता ही जाएगा।

## 26 से दूसरा विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना

- मौसम विभाग ने 27 दिसंबर को प्रदेश के 13 जिलों में मेघगर्जन और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में सर्दी के तेवर लगातार तीखे होते जा रहे हैं। इस बीच पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय हो गया है, जिससे एक दिन पहले हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग के अनुसार दो दिन तक पश्चिमी विक्षोभ का असर रहेगा, जिसके कारण हल्के बादल छाए रहेंगे।

शहर में सोमवार सुबह हल्का कोहरा छाया रहा जिससे धूप फीकी रही। बादलों की आवाजाही से सर्दी का असर देखने को मिला। इससे दोपहर में तापमान 26 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य के करीब था। इधर मौसम विभाग ने 26 दिसंबर से दूसरा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना जताई है, जो काफी मजबूत होगा और इसके असर से मावठ की संभावना है। यह सर्दी के इस सीजन में पहली बार है जब दो बैक-टू-बैक पश्चिमी विक्षोभ एक साथ सक्रिय हो रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले सप्ताह वर्षा का प्रभाव समाप्त होने के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी और सर्दी तेज हो जाएगी।

मौसम विभाग ने 27 दिसंबर को प्रदेश के 13 जिलों में मेघगर्जन और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। इसमें जोधपुर, बारां, भरतपुर, धौलपुर, झालावाड़, झुंझुनूं, करौली, कोटा, प्रतापगढ़, चूरू, हनुमानगढ़, जालोर और श्रीगंगानगर शामिल है।


राजस्थान सरकार

**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांकः/निदे/अ.ख.अ. नीलामी/(ML Bajri XX)/2024/ई-09529

**ई-नीलामी विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के अध्यय-III के तहत विभग के अप्रधान खनिज बजरी के खननपट्टों के आंवटन के लिए निम्नांकित प्लॉट ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर खुली बोली आंमत्रित की जाती है। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:-

| जिला | तहसील | राजस्व गांव | प्लॉटो की संख्या |
|---|---|---|---|
| टोंक | पीपलू | मारखेड़ा | 1 |
| | | मूड़िया | 1 |
| | देवली | राजमहल | 1 |
| | दूनी | बंथली | 1 |
| | | जलसीना | 1 |
| | | जलसीना व जलेरी | 1 |
| | | नोंदपुरा | 2 |
| | | आमली | 1 |
| | टोंक | लहन | 3 |
| योग | | | 12 |

**विशेष नोटः-**

1. प्लॉटो का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथी व समय इत्यादि का विवरण, ई-ऑक्शन की शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्रदाता कंपनी MSTC Ltd की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध हैं।

(भगवती प्रसाद) IAS, निदेशक

DIPR/C/13412/2024

## सार-समाचार

### गोपडी, मुंगड़ा, मंडापुरा व दुदवा में शिविर

**बालोतरा**, (निसं)। भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को बायतु पंचायत समिति की ग्राम पंचायत चौखला, खानजी का तला, छीतर का पार, हुड्डों की ढाणी, भीमडा, जागुओं की ढाणी, गिडा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत देवपुरा उर्फ गोगासर, जाजवा, पुनियों का तला, शहर, रतेऊ, मदो की ढाणी, कल्याणपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कुडी, पटाऊ, सरवडी, कल्याणपुर, डोली कला, डोली राजगुरा, समदडी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रामपुरा, रानीदेशीपुरा, रतडी, समदडी, सांवारडा, सिणधरी की ग्राम पंचायत खरटिंया, मनावास, धूाड़्या मोतीसिंह, लोहिडी, लूखों की ढाणी, खारा महेचान, बालोतरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रेवाडा मैया, गोपडी, मुंगडा, मंडापुरा, दुदवा, गोल स्टेशन, चांदेसरा में प्रशासन गांवों की ओर अभियान शिविरों का आयोजन किया गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने बताया कि सिवाना पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में संपर्क पोर्टल के 45 परिवाद, लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम के तहत 15 परिवाद, जनसुनवाई एवं अन्य लोक शिकायतें के 17 परिवादों का निस्तारण कर राहत देने का कार्य किया गया। वहीं बालोतरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में संपर्क पोर्टल के 23 परिवाद, लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम के तहत 45 परिवाद, जनसुनवाई एवं अन्य लोक शिकायत के 19 परिवादों का निस्तारण कर राहत देने का कार्य किया गया।

### धोराढ़ाल बंजारा बस्ती में यज्ञ किया

**भीनमाल**, (निसं)। सनातन संस्कृति जागरण संघ द्वारा घर घर यज्ञ अभियान के माध्यम से समरस, समरूप, एकरूप व व्यसन मुक्त संगठित हिंदू समाज की स्थापना हेतु धोराढ़ाल स्थित बंजारा बस्ती में 113 वें यज्ञ का आयोजन किया गया। सनातन संस्कृति जागरण संघ के सदस्य वालाराम मौर्य ने बताया कि यज्ञ में अर्जुनकुमार बंजारा सपत्नीक मुख्य यजमान बने। उनके अलावा कुंड पर अन्य परिवारजनों एवं बस्ती के बंधुजनों ने बैठ यज्ञ में भाग लिया। यज्ञ की समाप्ति होने पर यज्ञ वेदी को साक्षी मानकर कई लोगों ने मांसाहार, शराब, बीडी, गुटखा आदि व्यसन छोडने का संकल्प लिया। पशु, पक्षी, गौमाता आदि के लिए चारे, पानी, दाने आदि की व्यवस्था करने का भी संकल्प लिया। राजूसिंह माली, डॉ अक्षय बोहरा और ठेकेदार ओटाराम मेघवाल ने अपने विचार व सुझाव रखे। संगठन के मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर सनातन संस्कृति जागरण संघ के शंकरलाल सोलंकी, प्रभुराम जीनगर, डॉ अक्षय बोहरा, वालाराम मौर्य, ठेकेदार ओटाराम मेघवाल, भीमराज मोदी, ठाकराराम मेघवाल, बाबूलाल जीनगर, अर्जुन बंजारा, हरसन सुथार, डूंगाराम बंजारा, राहुल जीनगर, तेजाराम बंजारा, मनीष पूरी, आर्य राहुल बंजारा, अक्षय बंजारा, राकेश जीनगर, रवि बंजारा, रमेश राणा, इंद्रसिंह राव, रोहित मेघवाल, जय बंजारा, कल्पेश सोनी सहित कई लोग भी उपस्थित रहे।

### गोवाणी कॉलेज में व्याख्यानमाला हुई

**भीनमाल**, (निसं)। नगर के राजकीय जी के गोवाणी राजकीय महाविद्यालय में एबीआरएसएम राजस्थान ( उच्च शिक्षा ) की स्थानीय इकाई द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 3०० वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्य म का आरंभ माँ सरस्वती एवं लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवल के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एबीआरएसएम राजस्थान (उच्च शिक्षा) के प्रदेश सह संगठन मंत्री डॉ. हरिसिंह राजपुरोहित रहे। विभाग सह संयोजक डॉ. अनुपम चतुर्वेदी ने कार्यक्रम आयोजन के महत्व व एबीआरएसएम संगठन पर प्रकाश डाला। छात्रा रेखा ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन की एक घटना के माध्यम से न्यायव्यवस्था पर प्रकाश डाला। असिस्टेंट प्रोफेसर लाखमसिंह राठौड ने छात्र-छात्राओं को लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पाली जलिा सह सचिव डॉ. महेंद्रकुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर भलाराम, सीए सुमित विश्नोई, विक्रमकुमार, डॉ. ओमपुरी सहित 28० से ज्यादा छात्र- छात्राएँ उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में असिस्टेंट प्रोफेसर नरेशकुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### परशुराम महादेव पैदल यात्रा आज

**जोधपुर**, (कासं)। जोधाणा धर्मार्थ सेवा संस्थान की तरफ से हर साल शीत ऋतु में निकाली जाने वाली चार दिवसीय परशुराम महादेव पैदल यात्रा सोमवार को रवाना होगी। प्रवक्ता जयसिंह कच्छावाहा ने बताया कि भगवान परशुराम महादेव यात्रा इस बार 24 दिसंबर को निकाली जाएगी। इस चार दिवसीय यात्रा की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। यात्रा को लेकर युवाओं में भारी उत्साह है। मेला संयोजक सुरेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि जोधाणा धर्मार्थ सेवा संस्थान के बैनर तले हर वर्ष दो बार भगवान परशुराम महादेव पैदल यात्रा निकाली जाती है। श्रावण मास में निकाली जाने वाली यात्रा में सभी उम्र के भक्त शामिल होते हैं जबकि शीत ऋतु में निकाली जाने वाली पैदल यात्रा में सिर्फ युवा शिरकत करते हैं। चौहान ने बताया कि 24 दिसंबर को दोपहर तीन बजे बनावतों का बेरा शिव मंदिर से पूजा अर्चना के बाद अध्यक्ष शंकरलाल कच्छावाहा, सचिव प्रमोद कुमार सांखला तथा मेला अधिकारी शिव सिंह कच्छवाहा, उपाध्यक्ष पुखराज गहलोत केसरिया झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना करेंगे। इसका पहला पड़ाव रोहिट, दूसरा गुंदोज, तीसरा रानी तथा चौथा व अंतिम पड़ाव परशुराम महादेव पर रहेगा। इसमें युवा ठ्ठुप के सदस्य भाग लेंगे।

### स्काउट गाइड गतिविधि का बताया महत्व

**रेवदर**, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ रेवदर के सचिव बाबूलाल सैनी ने राजकीय महाविद्यालय रेवदर के छात्र-छात्राओं को स्काउट गाइड गतिविधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सचिव सैनी ने बताया कि स्काउट गाइड की विभिन्न गतिविधियों से जुडकर छात्र-छात्राओं में अनुशासन कर्तव्य निष्ठा एवं सेवा की भावना जागृत होती है। डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान- मार्च का आयोजन कॉलेज के सहायक आचार्य कुलदीप सिंह लखावत ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि भारत स्काउट गाइड संगठन से जुडकर बच्चा अनुशासन सीखता है और संगठन द्वारा समय-समय पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेकर अपना लक्ष्य हासिल करने की बात कही। इस अवसर पर प्राचार्य मुकेश कुमार मीणा, प्रभारी कुलदीप सिंह लखावत, हंसराज महावर, भंवर लाल, रोवर छात्र प्रतिनिधि महेंद्र भाट, भीमाराम, लक्ष्मण कुमार, भगाराम, नरेंद्र कुमार, रेंजर भूमिका, सुगना, हीना, सानिया पुरोहित सहित अन्य रोवर रेंजर भी उपस्थित रहे।

### एडवांस सपोर्ट एम्बुलेंस का उद्घाटन

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर उपखंड आस्था केन्द्र, रेवदर के प्रांगण में पूर्व विधायक जगसीराम कोली के कर कमलों द्वारा एडवांस लाईफ सपोर्ट एम्बुलेस का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में रेवदर ब्लॉक अध्यक्ष लोहार समाज सेवी सुरेश रावल कैलाशजी जोशी, प्रकाश निंबोला, उपसरपंच हरजी रामजी कोली, माला राम चौधरी एवम् एम्बुलेन्ना पावलोट खेत सिंह देवता, राजु राम जाट एवं ईएमटी घेवा राम एवम् ईएनटी धनराज खंत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.एस. भाटी एवम् सीएचसी ईन्चार्ज डॉ मुकंवाजी मीणा, नर्सिंग आफिसर मंगला राम किर, करसन कोली, पुंजा लाल, राजेन्द्र यादव, राकेश वर्मा. दलपत कुमार लोहार, श्याम लाल बारेसा उपस्थित रहे।

### जरूरतमंदों को सर्द कपड़ों का वितरण

**रेवदर**, (निसं)। सर्दी के मौसम में बीते एक दशक के ज्यादा समय से युवा मुहिम चलाकर क्षेत्र के आस पास और सड़क किनारे रह रहे गरीब जरूरतमंद परिवारों के बीच जाकर ऊनी सर्द कपड़ों, स्वेटर, कंबलों का वितरण कर रही है। संस्थान के संस्थापक बलवंत मेघवाल ने बताया कि संस्थान बिना लाभ जनसहयोग से टीम भावना से क्षेत्र के लोगो के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य कर रही है। संस्थान लगातार जनसहयोग से मुहिम चलाकर जरूरतमंद के लिए आगे आ रही है। इसी कडी में संस्थान द्वारा सडक किनारे रह रहे लोगो में स्वेटर वितरण किया गया, इस अवसर पर बलवंत मेघवाल, धीरज संत, प्रवीण कुमार उपस्थित थे।

### माली समाज का सम्मान समारोह कल

**जालोर**, (कासं) I जालोर शहर में ज्योतिबा फूले शिक्षा जागृति मंच, माली समाज द्वारा 25 दिसम्बर को माली समाज छात्रावास भीनमाल रोड़ जालोर में पंचम् करियर गाइडेंस एवं प्रतिभावान छात्रों तथा नवचयनित प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। कमेटियाँ बनाकर उनके प्रभारियों को नियुक्त किया गया। मंच व्यवस्था, टेन्ट व्यवस्था, पुरस्कार वितरण व्यवस्था, भामाशाहो तथा अतिथियों से सम्पर्क आदि का गठन कर युद्ध स्तर पर व्यवस्थाओं को अंतिम अमली जामा पहनाया जा रहा है।

# देसरी-चारभुजा घाट सेक्शन में एलिवेटेड रोड कार्य को प्राथमिकता देने के निर्देश

**पाली**, (नि.सं.)। पाली सांसद और वन नेशन-वन इलेक्शन संयुक्त संसदीय समिति अध्यक्ष पीपी चौधरी की अध्यक्षता में जिला परिषद् सभागार परिसर में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एक-एक कर सभी विभाग से संबंध योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान देसूरी-चारभूजा घाट सेक्शन में एलिवेटेड रोड निर्माण और टूटी सड़कों सहित सीवरेज कार्य को जल्द पूरा करने के मुद्दे छाए रहे। सांसद चौधरी ने हेमावास स्थित केन्द्रीय विद्यालय के नवीन भवन को जल्द पूरा करने और जनवरी माह तक शिफ्ट करने के निर्देश दिए। वहीं अवैध बजरी खनन को लेकर अपनी चिंता जताते हुए एसपी पाली चूनाराम जाट को बजरी माफिया के खिलाफ स्पेशल मुहिम चलाने और पुलिस विभाग के कार्मिकों की मिलीभगत पर एसीडी में कार्यवाही को सुनिश्चित करने हेतु कहा गया। आने वाले तीन माह में आमजन से बजरी खनन को लेकर शिकायत नहीं मिलनी चाहिए।

वहीं सांसद चौधरी ने पीएचईडी, नगर निगम और पीडब्ल्यूडी विभागों को एक काम को समाप्त करने के बाद ही नया काम शुरू करने के निर्देश दिए। अधूरे कार्य निर्माण को छोड़कर अन्य जगह कार्य आरंभ करने से दोनों स्थानों की आम जनता परेशानी होती है। सांसद चौधरी ने चेताया कि ऐसा नहीं होने की स्थिति में संबंधित अधिकारी एवं एजेंसी के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने जिले में क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी और विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा के दौरान सभी अधिकारियों, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को विकास कार्यों में आपसी समन्वय करने का निर्देश दिया गया। जिससे योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो और जनता को इसका फायदा जल्द मिल सकें। बैठक में सांसद चौधरी के द्वारा लंबित प्रकरणों के संबंध में जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सोजत रोड रेलवे स्टेशन के पास मकान तोड़ने की गलत कार्यवाही पर तत्कालीन अधिकारी के खिलाफ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। पाली जिले के सभी अंडरपास का निरीक्षण कर बारिश से भरने वाले अंडरपासों पर टीन शैड निर्माण की कार्यवाही करने, जवाई बांध रेलवे स्टेशन को मार्च 2025 तक पूर्ण करने, पूरे पाली जिले में नई रोड और मरम्मत की जाने वाली सड़कों के लिए ठेकेदारों को बबूल व झाड़ियों की सफाई करने के लिए पाबंद के साथ ही मुख्य सड़कों से हटाना आवश्यक है, स्वीकृत प्रधानमंत्री ग्राम सड़कों को आगामी 28 फरवरी तक पूरा करने, जस्साखेड़ा-सांडमगरा क्षेत्र में सड़कों का निर्माण के बारे में जल्द से जल्द पूरा करने का कहा




**पाली सांसद और वन नेशन-वन इलेक्शन संयुक्त संसदीय समिति अध्यक्ष पी.पी. चौधरी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति ( दिशा ) की बैठक आयोजित हुई।** फोटो-राष्ट्रदूत

गया। वहीं सांसद चौधरी ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जो काम आप नहीं कर सकते है, उसे विलेज डवलपमेंट प्लान में डलवाने की शत-प्रतिशत कार्यवाही होनी चाहिए। वहीं जलदाय विभाग के अधिकारियों को जल जीवन मिशन में घटिया किस्म की पाइप लाइन बिछाने सहित सड़कों को खस्ताहाल छोड़ने को लेकर चेताया। सांसद चौधरी ने इस परियोजना में हर काम में सरपंच की एनओसी चाहिए, ताकि वो अगर गलत एनओसी दे तो उसके खिलाफ बाद में एक्शन की कार्यवाही हो सकें। लीकेज कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए।

सांसद चौधरी ने बैठक में सभी अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि दिशा की बैठक समीक्षा का अवसर समझने के बदले समाधान का मंच समझे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों द्वारा उठा गए सवालों को गंभीरता से लेने और उसे संवेदनशीलता के साथ निष्पादन करने का निर्देश दिया।

### जोधपुर ग्रामीण दिशा बैठक आज

**जोधपुर**, (का.सं.)। पाली सांसद और वन नेशन-वन इलेक्शन संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी की अध्यक्षता में आज मंगलवार को प्रातः 11 बजे मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में जोधपुर ग्रामीण की दिशा बैठक का आयोजन होगा। बैठक में जनहित एवं राज्य सरकार की बजट घोषणाओं से जुड़े विशेष विषयों पर भी अधिकारी अपने-अपने विभागों की प्रगति पर जानकारी प्रस्तुत करेंगे।

### भामाशाहों ने स्वेटर बांटे

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के सूरज पोल के बाहर बापू बाल विद्या मंदिर स्कूल में सोमवार को हिन्दू युवा संगठन संस्था के प्रेरणा से भामाशाह परिवार की और से स्कूली विद्यार्थियों को उनी स्वेटर वितरण किया गया।

अधिक सर्दी में भामाशाह परिवार हमेशा सरकारी स्कूलों में बच्चो को स्वेटर भेंट करते आ रहे है I इसी क्रम में आज संस्था की प्रेरणा से नगर परिषद द्वारा संचालित बापू बाल विधा मंदिर में छोटे छोटे बालको को उनी स्वेटर संस्था के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोंलकी की अध्यक्षता में स्वेटर वितरण किया गया। स्वेटर पाकर बच्चें फूले नहीं समा रहे थे I कार्यक्रम में सुरेश सोंलकी ने बच्चों को सर्दी के मौसम में गर्म कपडे पहन कर स्कूल आने एवं मन लगाकर पढाई करने की बात कही।

कार्यक्रम में योगेश दवे ने ही कहा कि भामाशहों द्वारा ऐसे बच्चो को सहायता करनी चाहिये जो अन्य सुख सुविधा से वंचित हो। ज्ञात रहे की बापू बाल विधा मंदिर स्कूल में आस पास की कच्ची बस्ती के बच्चे ही अधिकतर पढने आते है। संस्था हमेशा ऐसे भामाशहो को प्रेरणा प्रदान कर उनको समाज के हित में सहयोग कर समाजसेवा करने की प्रेरणा प्रदान करता आ रहा है। संस्था की प्रेरणा से अन्य भामाशहो द्वारा भी सहयोग करने का आष्वासन दिया गया है।

कार्यक्रम में संस्था महामंत्री अर्जुनसिंह पंवार, नगर अध्यक्ष हेमेन्द्रसिंह बगेडिया, योगेश दवे, दिनेश बारोट राजु भाई वीणा संस्था प्रधान सहित स्कूल के कर्मचारी उपस्थित थे।

# मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री का स्वागत किया



**जैसलमेर में मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री, वित्त, वाणिज्य कर योजना, आर्थिक-सांख्यिकी विभाग मंत्री जगदीश देवड़ा का जीनगर समाज ने स्वागत किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री, वित्त, वाणिज्य कर योजना, आर्थिक-सांख्यिकी विभाग मंत्री जगदीश देवड़ा का जीनगर समाज की ओर से भव्य स्वागत किया गया।

जीनगर समाज जैसलमेर के सचिव टीकमचंद जीनगर द्वारा बताया गया है कि जिले में आयोजित 55 वीं जीएसटी काउंसिल बैठक में भाग लेने आये मध्यप्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा परिवार सहित सोमवार को जीनगर समाज के पूर्व पार्षद जेठमल जीनगर के आवास पर पहुंचे।

उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का जेठमल जीनगर ने माल्यार्पण कर साफा एवं शॉल ओढ़ाकर, उप मुख्यमंत्री की धर्मपत्नि रेणु देवड़ा का स्वागत श्रीमती सुरजदेवी द्वारा माला एवं शॉल ओढ़ाकर तथा उप मुख्यमंत्री के दोनो पुत्रों हर्ष देवड़ा एवं राघव देवड़ा का स्वागत अमित पंवार एवं निरंजन पंवार द्वारा माल्यर्पण कर किया गया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का समाज के अध्यक्ष मेघराज पंवार, समाज के प्रबुद्ध जन सर्व सीताराम , मदनलाल , जगदीश देवड़ा, तुलछीदास , रूपचंद , प्रेम कुमार, भरत तथा उप मुख्यमंत्री की धर्मपत्नि श्रीमती रेणु देवड़ा का स्वागत पुष्पादेवी, ज्योति, खुश्बु द्वारा माल्यार्पण कर भव्य स्वागत सत्कार किया गया।

देवड़ा को जीनगर समाज जैसलमेर को लेकर जमीन आंवटन की मांग का ज्ञापन प्रस्तुत कर इस संबंध में चर्चा की गई। जगदीश देवड़ा ने आश्वासन दिया कि वे राजस्थान के मुख्यमंत्री को अनुशंषा भिजवाकर जमीन आवंटन करवाने का हर संभव प्रयास करेंगे तथा उन्होंने समाज के लिए सामाजिक व आर्थिक सहयोग का आश्वासन दिया गया।

### नए अधिवक्ताओं का पंजीयन

**जोधपुर**, (कासं)। बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के कार्यालय में बैठक सोमवार को संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता कुलदीप कुमार शर्माने की एवं पंजीयन समिति ने करीब 1450 नए अधिवक्ताओं का पंजीयन किया। पंजीयन समिति के सदस्य बलजिंदर सिंह संधू एवं विशेष आमन्त्रित सदस्य जगमाल सिंह चौधरी भी बैठक में उपस्थित थे।

### अभियोजन कार्यों की जानकारी ली

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान के विधि मंत्री जोगाराम पटेल के पाली आगमन पर सर्किट हाउस में जिले के लोक अभियोजकों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान विधि मंत्री ने जिले में लंबित व विचाराधीन मामलों की स्थिति पर चर्चा की और अभियोजन कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर लोक अभियोजक निखिल व्यास ने बताया कि इस अवसर पर लोक अभियोजक सुमेर सिंह राजपुरोहित, अपर लोक अभियोजक चैन सिंह राजपुरोहित, अपर लोक अभियोजक (सिविल) चैन सिंह राजपुरोहित, अपर लोक अभियोजक सोजत पंकज त्रिवेदी, विशिष्ट लोक अभियोजक (/) लादूराम मेवाड़ा, विशिष्ट लोक अभियोजक (पोक्सो-1) उपमा रावल, विशिष्ट लोक अभियोजक (पोक्सो-2) मनीष ओझा और विशिष्ट लोक अभियोजक (पोक्सो-3) कुलदीप सिंह ने पटेल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

# सामान्य चिकित्सालय जालोर का निरीक्षण

**जालोर**, (कासं)। अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेश मेवाड़ा ने सोमवार को प्रातःकाल जिला मुख्यालय पर स्थित सामान्य चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेश मेवाड़ा ने जिला चिकित्सालय जालोर में निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों के उपस्थिति रजिस्टर की जांच की। जांच के दौरान उन्होंने लगातार अनुपस्थित चिकित्सकों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए निर्देशित किया तत्पश्चात् ओ.पी.डी की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सामान्य पुरुष वार्ड में व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर साफ सफाई करने के निर्देश भी दिए।

अतिरिक्त जिला कलैक्टर ना अस्पताल लैब में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अनुबंधित फर्म से नियमित तकनीकी सहयोग लेकर जांच उपकरणों इत्यादि को दुरस्त रखते हुए, विभिन्न जांचों को नियत समय पर कर उसकी रिपोर्ट मरीजों को तत्काल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में अवस्थित ब्लड बैंक का अवलोकन कर ब्लड बैंक लाईसेन्स नवीनीकरण में आ रही तकनीकी समस्या के समाधान के लिए नवीन कक्ष इत्यादि सुविधाओं के लिए विभागीय स्तर पर त्वरित कार्यवाही करवाने की बात कही। उन्होंने महिला एवं वरिष्ठ नागरिक वार्डों का निरीक्षण करने के उपरांत डायलिसिस वार्ड की व्यवस्थाएं जांची तथा उपस्थित नर्सिंग स्टाफ व टैक्नीशियन को अस्पताल प्रशासन के देखरेख में राज्य सरकार के नॉर्म्स अनुसार मरीजों को नियमानुसार सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रमुख चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि अस्पताल की साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्थार्थ अनुबन्धित फर्म को निविदा शर्त अनुसार उच्च मानदण्ड की सुविधाएं व व्यवस्थाएं रखने के लिए पाबन्द करें। उन्होंने प्रमुख चिकित्साधिकारी को फर्मों की कार्यप्रणाली की जांच के लिए कमेटी का गठन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण की जानकारी लेकर प्रमुख चिकित्साधिकारी को नियमित रूप से कचरा निस्तारण करवाने की बात कही।

उन्होंने शौचालयों तथा चिकित्सालय परिसर की नियमित तौर पर साफ-सफाई तथा मरीजों के स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित एवं सुरक्षा व्यवस्थार्थ सी.सी.टी.वी. कैमरा सुविधा को सुचारू रखने एवं एम्बुलेंस व्यवस्थाओं को दुरस्त, मरीजों की परिचर्या एवं शालीनतापूर्वक व्यवहार के लिए चिकित्सालय प्रशासन को निर्देशित किया। प्रमुख चिकित्साधिकारी डॉ. पूनम टांक, उप नियंत्रक डॉ. कमलेश मीना सहित चिकित्साधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

# देहदान करने पर बेटे डॉ. हेमन्त जैन व परिजनों का सम्मान

**जालोर**, (कासं)। भारत विकास परिषद् जालोर की साधारण आम सभा व स्नेह मिलन के एक होटल सभागार में रविवार शाम को परिषद् के प्रांतीय उपाध्यक्ष (सेवा) पदमाराम चौधरी , प्रांतीय महासचिव डॉ. महेन्द्र गहलोत व प्रान्तीय महिला संयोजक प्रमिला गहलोत के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

■ **मरणोपरांत देहदान व अंगदान करने की घोषणा करने वालो का भी सम्मान किया**

प्रारंभ में शाखा के अध्यक्ष राजेंद्र भूतङा ने स्वागत उदबोधन दिया । सचिव संतोष कुमार दवे ने इस वर्ष विभिन्न आयामों के तहत हुए कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष शंकर लाल सोलंकी ने इस वर्ष का आय -व्यय का विवरण सदन में प्रस्तुत किया। प्रान्तीय महासचिव डॉ. महेन्द्र गहलोत ने भारत विकास परिषद् के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज हमारे समाज में व्याप्त बुराइयों को रोकने तथा हमारे युवा पीढी को संस्कार करने में परिषद का अपूर्व योगदान है। प्रांतीय उपाध्यक्ष (सेवा)पदमाराम चौधरी ने अपने उदबोधन में बताया कि कि भारत विकास परिषद् सचमुच सेवा की गंगा है। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद् उस सेवा को श्रेष्ठ मानती है जो व्यक्ति को सामर्थ्यवान , स्वावलंबी वआत्म विश्वासी बना सके I उन्होंने कहा कि हमारी सेवा में दिखावा अथवा




**जालोर में भारत विकास परिषद् की आम बैठक व स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

आडंबर नहीं होना चाहिए।

प्रांतीय महिला संयोजक प्रमिला गहलोत ने अपने उद्बोधन में महिलाओं को सक्रिय रूप से परिषद् की गतिविधियों में बढ चढ कर भाग लेने की अपील करते हुए शाखा में महिला सहभागिता बढाने पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में इस वर्ष परिषद् की नवीन सदस्यता ग्रहण करने वाले 30 सदस्यों को दम्पति के रूप में भारत विकास परिषद् की सदस्यता ग्रहण का संकल्प दिलाकर उनका भी सम्मान किया गया।

गत 25 अप्रेल 2024 को भारत विकास परिषद् की प्रेरणा से शिक्षाविद् स्व. भूरमल जैन का मरणोपरांत देहदान करने पर उनके पुत्र डॉ. हेमन्त जैन व उनके परिजनों का प्रान्तीय पदाधिकारियों ने सम्मान व अभिनंदन किया । इसी तरह गत 13 अगस्त 2024 को विश्व अंगदान दिवस पर मरणोपरांत देहदान व अंगदान करने की स्वैच्छिक घोषणा का संकल्प लेने वाले शाखा परिवार के तीन दानवीरों अंतिमा अरोङा पत्नी संजय अरोड़ा, सुनील तिवारी व उनकी पत्नी सुशीला तिवारी का भी परिषद् के मंच से विशेष रूप से अभिनंदन किया गया। परिषद् की प्रेरणा से कार्यक्रम में उपस्थित परिषद् के सदस्य पवन दाधीच व उनकी पत्नी कमला देवी ने मरणोपरांत देहदान की घोषणा करने पर अतिथियों की ओर से उनका भी अभिनंदन किया गया।

परिषद् की विकास मित्र योजना में प्राकृतिक आपदाओं के समय सेवा कार्यो के निष्पादन के लिए 11000 रुपये की दान राशि परिषद् के दिल्ली स्थित केन्द्रीय निधि कोष में समर्पित कर देने पर शाखा के सदस्य प्रान्तीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी,शाखाध्यक्ष राजेन्द्र भूतङा,सचिव संतोष कुमार दवे तथा कोषाध्यक्ष शंकरलाल सोलंकी को विकास मित्र सम्मान से मंच से नवाजा गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव संतोषकुमार दवे ने किया।

इस अवसर पर जिला समन्वयक मदनलाल माली, संस्थापक अध्यक्ष डा.हेमन्त जैन, जिला महिला संयोजक मधु शेखावत ,शाखा महिला संयोजक सीमा जोशी पूर्व अध्यक्ष दिलीप शर्मा,बी एल सुथार, प्रेमसिंह कच्छवाह व बालकृष्ण शर्मा, पूर्व जिला महिला संयोजक संजू दवे , मंजू चौधरी, श्यामा भूतङा, प्रीति हाडा, शान्तिलाल सोनी, रामावतार तापङिया,बनवारी लाल शर्मा, दिनेश सोलंकी,भूपेन्द्र सोनी, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी सहित कई जने उपस्थित थे।

# चांदपोल व मदेरणा कॉलोनी नेशनल क्वालिटी सर्टिफाइड अस्पताल बने

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर (यूपीएचसी) चांदपोल व मदेरणा कॉलोनी नेशनल सर्टिफाइड अस्पताल बन गए है।

नेशनल क्वालिटी असेसमेंट प्रोग्राम के जिला नोडल एवं अतिरिक्त सीएमएचओ (पक) डॉ. रामनिवास सेंवर ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से समस्त नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए विभिन्न प्रकार की जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। इसमें राजकीय चिकित्सा संस्थानों में दी जाने वाली चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जोधपुर अर्बन के चिंहित स्वास्थ्य केंद्रों का जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय टीमों द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता कार्यक्रम के अंतर्गत असेसमेंट किया गया। इसी के तहत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चांदपोल व मदेरणा कॉलोनी का राष्ट्रीय दल द्वारा गुणवत्ता कार्यक्रम के अंतर्गत असेसमेंट किया गया। इन अस्पताल में राष्ट्रीय गुणवत्ता मापदंडों के अनुरूप एक्सट्रेनल असेसमेंट के प्रत्येक पहलू का बारीकी से निरीक्षण कर जायजा लिया गया।

डॉ सेंवर ने बताया कि चांदपोल का ओवर ऑल 93.05 व मदेरणा कॉलोनी का 91.82 प्रतिशत स्कोर के साथ जोधपुर को राष्ट्रीय क्वालिटी सर्टिफिकेशन के लिए योग्य माना गया। डॉ. सेंवर ने बताया कि नेशनल सर्टिफाइड होने से इन अस्पतालों को प्रतिवर्ष दो लाख रुपए का अतिरिक्त बजट आगामी तीन साल तक मिलेगा, जिसमें से 25 फीसदी अस्पताल स्टाफ को प्रोत्साहन के रूप में मिलेगा। उन्होंने बताया कि जोधपुर के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों को नेशनल सर्टिफाइड करवाने की कवायद की जा रही है।

# राशन व कंबल बांटे

**भीनमाल**, (निसं)। दासपां गांव के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सोमवार को सोनल फाउंडेशन के तत्वावधान में बढती सर्दी के मद्देनजर स्थानीय जरूरतमंद परिवारों के लिए एक अनुकरणीय पहल करते हुए राशन और कंबल वितरण का आयोजन किया।

सामाजिक सेवा के इस कार्य में फाउंडेशन के सदस्यों, समाजसेवियों और भामाशाहों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर सोनल फाउंडेशन के फाउंडर कैलाश कुमार जैन, चिकित्सा अधिकारी डॉ. सैयद यासिन अशरफ और अन्य सहयोगियों ने जरूरतमंद महिला और उसके परिवार को कंबल और राशन सामग्री प्रदान की।

सोनल फाउंडेशन के कैलाश जैन ने बताया कि इस पहल को सफल बनाने में भामाशाहों का विशेष योगदान रहा। उन्होंने फाउंडेशन की टीम ने सभी दानदाताओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने फाउंडेशन के द्वारा की जा रही समाज सेवा के इस कार्य में सभी लोगों को जुडने का आव्हान किया है।

## सार-समाचार

### तनाव मुक्त जीवन शैली पर कार्यक्रम

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान पुलिस रिजर्व लाइन जालोर में सोमवार को सुबह 8 से 9 बजे ब्रहमकुमारी संस्थान जालोर की ओर से तनाव मुक्त जीवन शैली पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। न्यू दिल्ली से आये हुए अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर राजयोगी ब्रह्माकुमार पीयूष भाई ने बताया कि आज तनाव हमारे जीवन में आम बात हो गई है। उससे हम हर समय जूझते रहते हैं। उसे बाहर निकालने के लिए हमें अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करने की आवश्यकता है। हम सवेरे जल्दी उठे रात को जल्दी सोए, अपने दिन का शुभारंभ हम कभी भी गैजेट्स, मोबाइल आदि के द्वारा ना करें।लेकिन हम परमात्मा चिंतन करे, स्व आत्म चिंतन करें, सकारात्मक चिंतन करें ,तो इससे आत्मा की बैटरी रिचार्ज हो जाती है । हमारे आस पास सकारात्मक ऊर्जा का चक्र बन जाता है, तो दिन में जो भी समस्याएं हमारे पास आएंगी I हम उनका सामना कर सकते हैं । हम परिस्थिति को अपने मनःस्थिति के द्वारा जीत सकते हैं और बीच-बीच में दिन में भी जब हमें समय मिले तो हम जरूर कुछ क्षणों के लिए, कुछ मिनट के लिए अपना ध्यान उस परमात्मा पिता से जोड दें ,तो हमें शक्ति प्राप्त होती रहेगी। और ऐसे ही रात्रि को सोने से पूर्व हम सब गैजेट्स को मोबाइल आदि को बंद कर दे, और भगवान का थैंक्स करें कि आज का दिन बहुत अच्छा गुजरा और कोई भूल हुई, कोई गलती हुई, त्रुटि हुई तो उसके लिए क्षमा तो अवश्य मांगे। ओडिशा भद्रक जिला से आई हुए राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सस्मीता दीदी ने सभी को मेडिटेशन कराए गहरी शांति की अनुभूति कराई। रंजू दीदी जी ने सभी का स्वागत और आभार व्यक्त किया। पुलिस लाइन के मनोहर पुरी को ईश्वरीय उपहार स्लोगन व प्रभु प्रसाद दिया गया।

### अमित शाह को बर्खास्त करने की मांग

**जालोर**, (कासं)। दलित संयुक्त संगठन जालोर ने गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसाद में बाबा डॉ. भीमराव अम्बेडकर, संविधान निर्माता के संबंध में दिये गये बयान से दलित, शोषित, वंचिद्ध एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों में रोष व्याप्त है। अमित शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम कलैक्टर जालोर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय में उत्तरदायी पद पर बैठे अमित शाह द्वारा संसद में बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर के बारे में अरासदीरा एवं अपमान जनक शब्दों से दिये गये बयान कतेई शोभा नहीं देता है। दलित संयुक्त संगठन जालोर ने अमित शाह को बर्खास्त करने की मांग की।

### राजकुमार शर्मा का स्वागत किया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। राजस्थान ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष डॉ एस के दुबे के नेतृत्व में जयपुर से आए पूर्व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री पूर्व विधायक नवलगढ़ राजकुमार शर्मा का स्वागत किया गया। राजकुमार शर्मा ने ब्राह्मण महासभा के स्वागत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आभार प्रकट किया। ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष डॉ एस के दुबे, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डी पी दाधीच, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश छंगानी, सचिव आर सी व्यास, कोषाध्यक्ष प्रमोद जगाणी, वरिष्ठ सदस्य अनिल बिस्सा, लक्ष्मी नारायण श्रीमाली, भंवरलाल जोशी गिरीश व्यास, सुरेश चुरा, प्रेम प्रकाश बिस्सा, जितेंद्र छंगानी लोकेंद्र छंगानी, शुभम व्यास, एवम् सौरभ जोशी ,गोपाल जोशी पोकरणआदि उपस्थित थे।

### विद्युत ए.ई.एन. ऑफिस सीज किया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। एडिसनल जिला न्यायाधीश नरेंद्रकुमार खत्री के निर्देशानुसार विद्युत विभाग के एइएन ऑफिस को सीज किया गया। मामला नाबालिग जसवंतसिंह का 2016 में विद्युत लाइन के कारण हाथ कटने का था। परिवादी ने न्यायालय में याचिका दायर की थी। न्यायविभाग ने विद्युत विभाग को 7 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया था। मुआवजा नहीं देने पर न्याय विभाग ने पोकरण एइएन ऑफिस को सीज करने का आदेश दिया। परिवादी की ओर से अधिवक्ता कुम्पसिंह राठौड़ ने मामले की पैरवी की। सहायक नाजिर रविंद्र जोशी के नेतृत्व में न्याय विभाग के कार्मिकों ने पोकरण एइएन कार्यालय को सीज किया।

### मकान निर्माण के लिए चेक सौंपा

**बालोतरा**, (निसं)। विधायक डॉ. अरुण चौधरी ने विधायक कोष से विशनाराम मेघवाल के परिवार को 12.5 लाख रुपये का चेक सौंपकर उनके मकान निर्माण के लिए सहायता की। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह चेक असाडा में मेघवाल समाज के बुद्धिजीवी लोगों को सौंपा गया। एक श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय विशनाराम को पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम में भगवानसिंह टापरा, मदनलाल चोपडा, हितेश पटेल, नारायण जी चौधरी, देवाराम चौधरी, प्रवीण जैन, गणपत सिंह महेचा, हुकमाराम राठौर और केवलचन्द मेघवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### धोरीमन्ना पंचायत समिति में शिविर आज

**धोरीमना**, (कासं)। बाडमेर जिले के सुशासन सप्ताह के तहत पंचायत समिति स्तर पर आयोजित होने वाले विशेष शिवरो के कार्यक्रम अनुसार 24 दिसंबर मंगलवार 10 बजे से धोरीमना ब्लॉक के शिवर पंचायत समिति सभागार में आयोजित किया जायेगा। जिसमें ब्लॉक स्तर के समस्त विभागों द्वारा शिविर में उपस्थित रहकर मौके पर भी अधिकतम परिवादों का निस्तारण किया जाएगा । कार्यक्रम के प्रभारी उपखंड अधिकारी धोरीमना उपस्थित रहेगा शिविर के सहप्रभारी विकास अधिकारी पंचायत समिति धोरीमन्ना ने सभी आम नागरिकों से इस में भाग अपने परिवादों शिकायतो के निस्तारण करवाने की अपील की।

# सुशासन सप्ताह, बजट घोषणा कार्य सहित कार्यों पर चर्चा की

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने कहा कि सुशासन सप्ताह का प्रमुख उद्देश्य आमजन को केंद्र एवं राज्य सरकार की सेवाओं का त्वरित लाभ मिले और आमजन के परिवादों का सुगम, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान हो। कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने प्रशासन गांव की ओर थीम पर आयोजित सुशासन सप्ताह के तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला के दौरान यह कहा।

उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा आमजन के परिवादों के सुगम समाधान के लिए त्रि-स्तरीय जनसुनवाई एवं रात्रि चौपाल का नियमित आयोजन किया जाता है, ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्रता अनुसार त्वरित लाभ मिले। कार्यशाला में जिला कलैक्टर ने कहा कि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कोड आफ कंडक्ट के अनुसार सत्यनिष्ठा, तटस्थता, जवाबदेहिता एवं गोपनीयता के सिद्धांतों को अपनाते हुए अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। वही उन्होंने गुड गवर्नेंस के तहत कार्यालय प्रबंधन व निरीक्षण पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बेहतर कार्यालय प्रबंधन से योजना अनुसार लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। उनहोंने संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों के न्यूनतम समय में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के बारे में कहा।

कार्यशाला में सांख्यिकी विभाग द्वारा विकसित भारत/2047के तहत जिले के विकास का विजन डॉक्युमेंट/2047 के बारे में विस्तार से अवगत करवाया गया, जिसे हितधारकों से चर्चा के उपरांत विस्तृत रूप से अध्याय एवं सेक्टरवार तैयार किया गया है। इस दौरान सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक योगेश कुमार ने गुड गवर्नेंस के तहत बजट घोषणाओं की वस्तु स्थिति जानने के लिए तैयार किए गए डैशबोर्ड, ऑनलाइन सर्विस डिलीवरी एवं टास्क मॉनिटरिंग सिस्टम के बारे में जानकारी प्रदान की। वहीं जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई । जिसमें उन्होंने सम्पर्क पोर्टल, आशान्वित ब्लॉक आहोर तथा बीस सूत्री कार्यक्रम पर विभागवार चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलक्टर ने विभागीय योजनाओं व सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए जिले के औसत निस्तारण समय को कम करने तथा परिवादों के संतुष्टिपूर्ण समाधान करने तथा आशान्वित ब्लॉक आहोर के संबंध में विभागीय अधिकारियों को केपीआई इंडीकेटर्स के अनुरूप प्रगति अर्जित करने के निर्देश दिए। बैठक में बीस सूत्री कार्यक्रम की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को लक्ष्यानुरूप प्रगति हासिल करने की बात कही।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नन्दकिशोर राजोरा, सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक दुर्गासिंह उदावत सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



जालोर के कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला कलैक्टर डॉ.प्रदीप के . गावंडे की अध्यक्षता में हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, सेना की जिप्सी टकराई, तीन जवान समेत चार घायल

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर-जैसलमेर नेशनल हाईवे-125 पर बालेसर में सोमवार दोपहर पत्थरों से भरी ट्रॉली का हुक टूटने से ट्रैक्टर और ट्रॉली दोनों सडक़ पर पलट गए। इससे उछलकर सडक़ पर गिरा ड्राइवर ट्रैक्टर के नीचे दबने से बच गया। वहीं पीछे आ रही सेना की जिप्सी भी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में ट्रैक्टर ड्राइवर और जिप्सी में सवार सेना के तीन जवान घायल हो गए। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया है।

बालेसर थानाधिकारी नरपतदान ने बताया कि पत्थरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली बालेसर से आगोलाई की ओर जा रही थी। बालेसर में 38 मील की सीमा में ट्रॉली का हुक टूटने से ट्रैक्टर-ट्रॉली दोनों सड़क पर ही पलट गए। इस सडक़ पर पत्थर बिखर गए। इस दौरान पीछे आ रही सेना की जिप्सी भी हादसे की चपेट में आ गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने के बाद सेना की गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई, जिसमें सवार तीन जवान घायल हो गए।

ट्रैक्टर चालक ढाढणिया गांव निवासी प्रहलाद पुत्र थानाराम हादसे के दौरान उछलकर सडक़ पर गिर गया, जिससे वह ट्रैक्टर के नीचे दबने से बच गया। राहगीरों की मदद से घायल तीनों जवान और ट्रैक्टर ड्राइवर को बालेसर सीएससी पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जोधपुर रेफर कर दिया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही बालेसर पुलिस मौके पर पहुंची और सडक़ पर पलटे दोनों वाहनों और पत्थरों को सडक़ से हटाया गया।

# विधिक सचिव ने अस्पताल की व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद ने राजकीय मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सचिव ने अस्पताल में साफ सफाई सही नहीं पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए व्यवस्थांए सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने समाचार पत्रों में अव्यवस्थाओं को लेकर प्रकाशित समाचार को लेकर जिम्मेदार कार्मिकों के खिलाफ आवश्यक एवं उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए, साथ ही भविष्य में इस प्रकार की अव्यवस्थाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लेबर रूम में आवश्यक सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। साथ ही उन्होंने लेबर रूम की समय समय पर अच्छे तरीके से सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धात्री एवं गर्भवती महिलाओं को सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रखे। उन्होंने धात्री महिलाओं को प्रसव के बाद मिलने वाली सुविधाओं एवं सहायता राशि का भुगतान भी समय पर करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में कक्षों का भी अवलोकन किया और उपस्थित अधिकारी को आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए। इस दौरान डॉक्टर खुशाल सन्देशा मौजूद रहे।

इसी प्रकार राजकीय अस्पताल में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि यहां आने वाले महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरते। उन्होंने हा कि सखी सेंटर का प्रचार प्रसार किया जावे।

उन्होंने कहा कि सखी सेंटर में आने वाली बालिकाओं एवं महिलाओं को हर संभव सहायता की जावे, यदि निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से तुरंत संपर्क किया जावे।

## प्रदर्शन किया

**जोधपुर**, (कासं)। केंद्रीय मंत्री गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद भवन में भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर दिए गए बयान के विरोध में कांग्रेसजनों ने आज रैली निकालकर कलेक्ट्रेट के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। यहां जिला कलेक्टर के नहीं मिलने पर कांग्रेस कार्यकर्ता उनके कार्यालय के बाहर धरना देकर बैठ गए। बाद में एडीएम को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस और उससे जुड़े संगठनों के कार्यकर्ता आज एमजीएच रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय पर एकत्रित हुए। यहां बाहर बाबा साहब अंबेडकर के समर्थन में नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता रैली के रूप में रवाना हुए। सोजती गेट, नई सडक़ चौराहा, हाईकोर्ट रोड होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। कांग्रेस के उत्तर जिलाध्यक्ष सलीम खान, दक्षिण जिलाध्यक्ष नरेश जोशी, पूर्व राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह सोलंकी, नगर निगम उत्तर की महापौर कुंती परिहार, पूर्व विधायक मनीषा पंवार, करणसिंह उचियारड़ा सहित कई जने उपस्थित रहे।

# एलाइड इंश्योरेंस कंपनी को दावा राशि अदा करने के आदेश

**जोधपुर**, (कासं)। स्थाई लोक अदालत जोधपुर महानगर ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में प्रतिपादित किया है कि महिलाओं में अनियमित माहवारी या अत्यधिक रक्तस्त्राव को मेडीक्लेम बीमा पॉलिसी करवाते वक्त प्रस्तावना प्रपत्र में छिपाने के आधार पर बीमा कंपनी दावा खारिज नहीं कर सकती है।

अदालत के अध्यक्ष सुकेश कुमार जैन और सदस्य जेठमल पुरोहित तथा माणकलाल चांडक ने स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी को दावा राशि 1 लाख 75 हजार 8 रुपए दो माह में अदा करने के आदेश दिए, अन्यथा 8 फीसदी ब्याज अदा करना होगा।

जोधपुर निवासी महिला ने अधिवक्ता अनिल भंडारी के माध्यम से परिवाद दायर कर कहा कि अनियमित माहवारी तथा अत्यधिक रक्तस्त्राव को देखते हुए अहमदाबाद के इवा वूमेन हॉस्पिटल में सर्जरी कर उनका यूटरस निकाला गया।

बीमा कंपनी ने उनका दावा यह कहकर खारिज कर दिया कि प्रार्थी को चार साल से अनियमित माहवारी और अधिक रक्तस्त्राव होने के बावजूद बीमा करवाते वक्त प्रस्तावना प्रपत्र में इसे छुपाया था।

अधिवक्ता भंडारी ने बहस करते हुए कहा कि अनियमित माहवारी या अत्यधिक रक्तस्त्राव या गर्भावस्था आदि कोई बीमारी नहीं है और इस बाबत प्रस्तावना प्रपत्र में किसी प्रकार की जानकारी मांगा जाना महिलाओं के प्रति अपमानजनक और शर्मनाक स्थिति है और इनका जिक्र नहीं करने के आधार पर दावा कदापि खारिज नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि बीमा प्रस्तावना प्रपत्र में ऐसी प्रश्नावली ही नहीं होनी चाहिए। बीमा कंपनी ने कहा कि उन्होंने दावा खारिज करने में कोई गलती नहीं की है।

स्थाई लोक अदालत ने परिवाद मंजूर करते हुए कहा कि प्रार्थी के अनियमित माहवारी और अधिक रक्तस्त्राव की वजह से ही सर्जरी कर यूटरस को निकाला गया, लेकिन महिलाओं में ऐसा होना एक सामान्य स्थिति ही है और प्रस्तावना प्रपत्र में इसे प्रकट नहीं करने के आधार पर दावा खारिज किया जाना उचित नहीं है । इसलिए बीमा कंपनी इलाज पर हुए सम्पूर्ण व्यय के भुगतान के वास्ते उत्तरदाई है।

दो माह में दावा राशि 1 लाख 75 हजार 8 रुपए अदा करें, अन्यथा 8 फीसदी ब्याज अदा करना होगा।

# कार्यशाला में अनुदान की जानकारी दी

**बालोतरा**, (निसं)। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अन्तर्गत खाद्य प्रसंस्करण ईकाइयों की स्थापना तथा विस्तार के लिए दिए जाने वाले अनुदान की जानकारी तथा योजना में इच्छुक उद्यमियों के पंजीकरण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला कृषि उपज मण्डी समिति, बालोतरा के सभागार में सोमवार को आयोजित की गई। कार्यशाला में राज्य कृषि विपणन बोर्ड, जयपुर के एसपीएमयू दीपक शर्मा सहित उनकी टीम ने जानकारी प्रदान की। मंडी सचिव चेतन दान, दी बाडमेर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, बालोतरा के मैनेजर निकलेश जैन, बालोतरा को-कॉपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी लिमिटेड, बालोतरा के अध्यक्ष अखाराम चौधरी, कृषि अधिकारी दूदाराम बारूपाल, मोहन लाल जैन, अध्यक्ष व्यापार मंडल, व्यापारी शान्तीलाल जैन, करनाराम पटेल, चेलाराम चौधरी नरेश भण्डारी, कमलेश वैष्णव, मिथिलेश गुप्ता, ठाकुर वैष्णा, श्रवण चौधरी, विनाद वैष्णव एवं कृषक उम्मेदाराम, हनुमानाराम, भवरसिंह असाडा, सुभाष जोशी, मनोज तिवारी, मंडी पर्यवेक्षक ओमप्रकाश सुथार, भंवरसिंह आदि उपस्थित रहे।

# पदक विजेता वुशू खिलाड़ियों का विजयी जुलूस निकाला

**जालोर**, (कासं)। आर्य वीर दल जालोर के राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाडी दिव्या सोनी, कुसुम सुथार , नेहा सुथार, मयंक भादरू, रुद्राक्ष आर्य तथा राष्ट्रीय खिलाडी केशव शर्मा एवं निखिल गोदारा एवं प्रशिक्षक देवेश आर्य के सम्मान में निकाले गए विजयी जुलूस का जालोर शहरवासियों ने फूल माला पहनाकर जबरदस्त शानदार भव्य स्वागत किया।

आर्य वीर दल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार, महामंत्री शिवदत्त आर्य ने बताया कि आर्य वीर दल मुख्यालय पर समारोह में दानवीर शिक्षक नरेंद्र सिंह राजपुरोहित, अंबालाल सोनी , भीमाराम सुथार नोरवा, उप प्राचार्य कांतिलाल राजपुरोहित, शिक्षाविद् प्रियंका शर्मा का माल्यार्पण का स्वागत किया। दानदाता नरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने अपने आप को आर्य वीर बताते हुए संगठन एवं खिलाडियों के लिए सहयोग करने के संकल्प को दोहराया। पदक विजेताओं को अतिथियों एवं आर्य वीर दल राजस्थान के अधिष्ठाता विनोद आर्य, अध्यक्ष कृष्ण कुमार , संरक्षक दलपत सिंह आर्य, संचालक प्रशांत सिंह ने माल साफा बनाकर अभिनंदन किया और वीरमदेव चौक में विजयी रथ में बैङ्गाकर रवाना किया गया। जुलूस का वीरमदेव चौक में अंबालाल सोनी , आलोक सोनी , लालकृष्ण सोनी , भीमाराम सुथार, डूंगाराम सुथार,भरत कुमार भादरू एवं गणपत आर्य परिवार द्वारा पुष्प वर्षा एवं माल्यार्पण साफा पहनाकर जुलूस का स्वागत किया गया। इसी प्रकार सायरपोल मार्केट में रिंकू सोनी , मानक चौक में व्यापार मंडल, सूरजपोल पर सर्व मेघवाल समाज द्वारा अस्पताल चौराहे पर अंबिका टेंट हाउस, आर्मस्ट्रांग जिम के निदेशक अख्तर हुसैन , एस. आर. पेट्रोल पंप के निदेशक रामलाल गौड एवं राष्ट्रीय व्यापार संगठन के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल एवं व्यापार मंडल के अध्यक्ष शंकर सिंह बगडिया के नेतृत्व में, हरिदेव जोशी सर्कल पर गुप्ता रेस्टोरेंट , महात्मा गांधी प्रिंसिपल मनीष ठाकुर, सुथार समाज, तिलक द्वार में ओमप्रकाश आर्य , सदर मार्केट में बजरंग क्लॉथ , सूरज मिष्ठान भंडार द्वारा स्वागत किया गया। आलोक सोनी, डूंगाराम सुथार, लालकृष्ण सोनी, वुशू संघ सचिव कन्हैया लाल मिश्रा, संचालक प्रशांत सिंह , राजस्थान थ्रो बॉल संघ के अध्यक्ष छगन आर्य , वरिष्ठ आर्य वीर छगन्नाथ, मोहनलाल आर्य , गणपत आर्य उपस्थित थे।

## इलाज के बाद दो आरोपी गिरफ्तार

**पाली**, (नि.सं.)। टोल कर्मचारी पर फायर कर फरार होने की कोशिश में घायल हुए दो तस्करों को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों हॉस्पिटल में भर्ती थे। अस्पताल से छुट्टी मिलते ही पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। मामला पाली जिले के सदर थाना इलाके के जाडन टोल प्लाजा का है। घटना 21 दिसंबर को हुई थी।

पाली के सदर थाने के अनिल कुमार ने बताया कि जाडन टोल प्लाजा के सिक्योरिटी सुपरवाइजर गोपाल सिंह पुत्र मेघ सिंह राजपूत ने रिपोर्ट दी थी। फायर करने के बाद दोनों ट्रक को तेज स्पीड में जोधपुर बाइपास की तरफ दौड़ा दिया। बेकाबू होकर ट्रक सड़क किनारे झाड़ियों में जाकर फंस गया। हादसे में ट्रक सवार आरोपी महेंद्र (35) और राकेश (27) घायल हो गए थे।

# रणकपुर जवाई बांध फेस्टिवल का समापन

**पाली**, (नि.सं.)। मारवाड़-गोड़वाड़ की सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल पर स्थापित करने की मंशा से जिला प्रशासन पाली, पर्यटन विभाग राजस्थान तथा नगरपालिका सादड़ी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय रणकपुर जवाई बांध फेस्टिवल 2024 का रविवार को रंगारंग समापन हुआ।

महोत्सव में पर्यटक वन्यजीवों को प्राकृतिक पर्यावास में देखकर रोमांचित हो उठे। रणकपुर स्थित हॉट एयर बैलूनिंग आयोजित हुआ। हेलीपैड ग्राउंड पर ही आयोजित रोचक प्रतियोगिताओं में भी सैलानियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

महोत्सव में रस्साकस्सी , साफा प्रतियोगिता प्रथम दीकेन्द्र सिंह द्वीतिय तेजवंत सिंह , तृतीय गणपत दास, विक्रम सिंह , पीयूष सैन ,श्रवण कुमार मूंछ प्रतियोगिता में प्रथम कैलाश सोलंकी , द्वितीय रामसिंह राजपुरोहित , तृतीय हिमांशु गुर्जर रहे चमच दौड़ में लड़कों में प्रथम ललित माली , द्वितीय आदित्य सिंह राहुल माली, तृतीय आरव राजपुरोहित लड़कियो में , प्रथम स्थान हर्षिता , द्वितीय पूजा शेखावत दिव्यांशी देवड़ा, तृतीय अविशा, गोडवाड़ श्री प्रकाश कुमावत , मिस गोडवाड़ आरती चौहान , फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गणेश चौधरी द्वितीय स्थान नमन परिहार ,जयेन्द्र व्यास रहे इसके साथ ही अन्य स्पर्धाएं भी आयोजित हुई।

फेस्टिवल में जिला कलेक्टर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के तत्वावधान में फोटोग्राफी प्रतियोगिता भी हुई। इसमें जिले भर के फोटोग्राफर्स ने प्राकृतिक, वाइल्डलाइफ ,कल्चर ,व सांस्कृतिक विषय पर फोटोग्राफी कर प्रविष्टियां जमा कराई।

फेस्टिवल के दिन हॉर्स शो आयोजित हॉर्स एंड केमल शो आकर्षण का केंद्र रहा। बड़ी संख्या में पहुंचे पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने सजे धजे घोड़े और ऊंट के करतबों पर दांतो तले उंगली दबा ली। हॉर्स पोलो के दौरान दर्शकों का उत्साह चरम पर रहा। प्रथम दिन उत्तर के सांस्कृतिक दल पटियाला और पश्चिम के सांस्कृतिक दल उदयपुर ने भी अपनी प्रस्तुतिया दी जिसने दर्शको को मोह लिया।

फेस्टिवल के अंतिम दिन रात सूर्य मंदिर के समीप आयोजित स्टार नाइट में स्वाराग बैंड के सुरों ने समा बांध दिया। स्वराग बैंड ने पधारों मारे देश गीत से अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की। साथ ही श्री राम जानकी....., छाप की लत सब छीनी ... आदि गीतों की प्रस्तुति दी। उसने दर्शकों का उत्साह देखते ही बना। दूरदराज से आए पर्यटकों और स्थानीय नागरिको की खूब दाद बटौरी। इससे पूर्व दिनभर चली रोचक प्रतियोगिताओं और हॉर्स एंड केमल शो ने भी सैलानियों को रोमांचित किया। इस अवसर पर संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, उप मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह, समेत संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह, डीआईजी पीएम शर्मा, जिला कलेक्टर एल एन मंत्री ,पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भवानी सिंह, बाली एडीएम शैलेन्द्र सिंह, उपखण्ड अधिकारी देसूरी, विवेक व्यास ,नगरपालिका ईओ सादडी , संयुक्त निदेशक पर्यटन ,भानु प्रताप , सेलो ठुप के प्रतिनिधि नरेश ओझा, श्रवण सिंह सुनील भंडारी, पीयूष शर्मा एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# भारत तेजी से विकास की ओर अग्रसर है : शेखावत

- बी.एस.एफ. मुख्यालय में 45 वां रोजगार मेला संपन्न
- केंद्रीय मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने युवाओं को नियुक्ति पत्र सौपे

**जोधपुर**, (कासं)। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने कहा कि भारत तेजी से विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। पूरी दुनिया इस जानती है कि भारत आज सबसे तेजी से बढ़ता हुआ देश है। पूरा विश्व चमत्कृत है। देश को विकसित करने के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में अनेक अवसर रोजगार और स्वरोजगार के भारत में संजोने का काम किया है।

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने बीएसएफ मुख्यालय में आयोजित 45 वें रोजगार मेले के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने कहा कि इस रोजग़ार मेले के मेजबान के रूप में सीमा सुरक्षा बल, न केवल सीमाओं की सुरक्षा के अपने प्राथमिक दायित्व के माध्यम से बल्कि सामाजिक विकास में सक्रिय योगदान देकर राष्ट्र की सेवा करने के अपने लोकाचार का उदाहरण देता है।

भारत की प्रथम रक्षा पंक्ति के रूप में पहचान बना चूका यह बल, ऐसे आयोजनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो इस बल की मुख्य जिम्मेदारियों के साथ समग्र राष्ट्र-निर्माण प्रयासों के प्रति बल के समर्पण को उजागर करती है। कार्यक्रम में शहर विधायक अतुल भंसाली विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल के राजस्थान फ्रंटियर महानिरीक्षक एम एल गर्ग ने शेखावत और भंसाली का अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में सीमा सुरक्षा बल, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ एसएसबी, असम राइफल, रेलवे, डाक विभाग, एसबीआई और केनरा बैंक में चयनित हुए युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

बीएसएफ आईजी एम एल गर्ग की देखरेख में आयोजित हुए रोज़गार मेले 200 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए।

नियुक्ति पत्र पाकर रोजगार पाने वाले युवाओं के चेहरे खिल उठे।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय नगर पालिका, सादड़ी (जिला-पाली) राज.**

(आपकी सेवा में सदैव तत्पर)

पताः मैन बस स्टेण्ड, सादड़ी

Ph.-02934-285022 email: npsadri1979@yahoo.com, gmail.com

क्रमांक : न.पा.सा. / 2024 / 3783-3785 दिनांक 20.12.2024

**-:: Notice Inviting Bid ::-**

Bid for Work (01 Nos, 49.99 lacs) of subject matters of procurement are invited from intreseted bidders upto (date)& (time). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. (https://sppp.rajasthan.gov.in, eproc.rajasthan.gov.in) of the state departmental website.

UBN NO :- DLB2425WSOB13611

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका सादड़ी

राज.संवाद / सी / 24 / 9432



**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगरपरिषद कुचामन सिटी**

Email : eo.mcorp.kuchaman@rajasthan.gov.in फोन नं. 01586-220022
munibkcity@gmail.com 01586-221526

क्रमांक :- न.प.कु. / 2024-25 / 6534 दिनांक :- 23.12.2024

**लोक सूचना**

निम्न लिखित आवेदको द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री अभय अग्रवाल पुत्र सुनील कुमार जाति अग्रवाल | तहसील कुचामन सिटी, जिला डीडवाना-कुचामन | खारीया | 755, 756, 757, 758, 759, 760, 773, 774, 775 | 8.8200 Hq. में से 0.4880 Hq. |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक .......................... को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी
आयुक्त नगर परिषद कुचामन सिटी

# खेल जगत



भारतीय टीम का गेंदबाजी आक्रमण उतना मजबूत नहीं है जो वह एक टेस्ट मैच में 20 विकेट ले सके तथा यह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम दो मैच में टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय होगा। **- चेतेश्वर पुजारा**

**भारतीय खिलाड़ी, भारतीय टीम की गेंदबाजी को लेकर बोलते हुए।**

**आज का खिलाड़ी ▶ सुनील गावस्कर**



**अश्विन** के रिटायरमेंट के बाद तरह-तरह की बातें हो रही हैं और ऐसा भी दावा किया जा रहा है कि उन्हें रिटायरमेंट अनाउंस करने के लिए दबाव में डाला गया था। वहीं टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने अश्विन के रिटायरमेंट अनाउंस करने के लिए दबाव में डाला गया था। जबकि भारतीय दिग्गज ने इसके लिए टीम मैनेजमेंट को जिम्मेदार ठहराया और उनकी जमकर आलोचना भी की।गावस्कर ने टीम मैनेजमेंट को जमकर कोसा है। गावस्कर ने कहा कि ओवरसीज कंडीशन्स मे बैटर्स और बॉलर्स के साथ अलग व्यवहार होता है।

**क्या आप जानते हैं ?...** पाकिस्तान के हनीफ मोहम्मद ने वर्ष 1957-8 में वेस्टइंडीज के खिलाफ ब्रिजटाउन में 970 मिनट तक बल्लेबाजी करते हुए 337 रन बनाये।

## भारत 'इस्तेमाल' की हुई अभ्यास पिचों से नाखुश

### // एमसीजी क्यूरेटर ने कहा, प्रोटोकॉल का पालन किया //



मेलबर्न, 23 दिसंबर। भारतीय टीम ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच से पूर्व अभ्यास पिचों पर असंतोष जताया और रोहित शर्मा के घुटने पर लगी चोट के लिए पिच के असमान उछाल को जिम्मेदार ठहराया है लेकिन एमसीजी (मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड) के क्यूरेटर मैट पेज ने पिचों का बचाव करते हुए कहा कि इसमें 'मानक प्रोटोकॉल' का पालन किया गया।

सहायक स्टाफ के सदस्य दयानंद गरानी के थ्रोडाउन को खेलने की कोशिश करते हुए रोहित के बाएं घुटने में सूजन आ गई और उन्होंने इसके बाद रविवार को नेट पर अभ्यास नहीं किया। रात को कप्तान के पैर की सूजन पर बर्फ लगानी पड़ी और टीम के 'थिंक टैंक' ने इसके लिए पिच के असमान उछाल को जिम्मेदार ठहराया। भारतीय टीम ने दो महीने पहले अपना ट्रेनिंग कार्यक्रम भेजा था लेकिन एमसीजी क्यूरेटर टेस्ट मैच से तीन दिन पहले ही नई अभ्यास पिच देने की मानक संचालन प्रक्रिया पर अड़े रहे। चौथा टेस्ट 26 दिसंबर से शुरू होगा। भारत को मुख्य पिच जैसी पिच क्यों नहीं मिली, इस बारे में पेज ने संवाददाताओं से कहा, ''हम तीन दिन पहले यहां पिच तैयार करते हैं। अगर टीम उससे पहले आकर खेलती हैं तो उन्हें वही पिचें मिलेंगी जो हमारे पास उपलब्ध हैं।''

इस कदम का बचाव करते हुए पेज ने कहा, ''इसलिए आज हम नई पिचों पर हैं। अगर हमें आज सुबह खेलना होता तो वे उन नई पिचों पर खेलते। हमारे लिए तीन दिन पहले की मानक प्रक्रिया है। हम अपनी पिचें बनाते हैं जो हमें अपने टेस्ट मैच के लिए चाहिए होती हैं।'' जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें भारतीय कार्यक्रम की जानकारी थी और क्या भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) को जानकारी दी थी तो उन्होंने सकारात्मक जवाब दिया। पेज ने बताया, ''हां, उन्होंने हमें कार्यक्रम दिया है। सीए और भारतीय बोर्ड के बीच पत्राचार हुआ है और उनमें क्या बात हुई मुझे नहीं पता।''

एमसीजी में पर्थ की तरह उछाल या गाबा की तरह सीम मूवमेंट नहीं होगी लेकिन फिर भी छह मिमी घास के कारण पिच तेज गेंदबाजी के लिए अनुकूल होगी। पेज ने कहा कि इतनी दरारें नहीं बनेंगी कि स्पिनरों को मदद मिले। यहां आने पर सभी तेज गेंदबाज उत्साहित होते हैं, हालांकि यह पर्थ और ब्रिसबेन जितना तेज विकेट नहीं है लेकिन हम इसे तेज गेंदबाजी के अनुकूल बनाने में सफल रहे हैं।''

## तनुष कोटियान को भारतीय टेस्ट टीम में मिली जगह

मेलबर्न, 23 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया में खेली जा रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के शेष मैचों के लिए भारतीय टेस्ट टीम में मुंबई के ऑफ स्पिन ऑलराउंडर तनुष कोटियान को शामिल किया गया है। वह गाबा टेस्ट के बाद संन्यास लेने वाले आर अश्विन की जगह लेंगे। कोटियान अहमदाबाद से मेलबर्न के लिए रवाना होंगे। कोटियान इस समय अहमदाबाद में विजय हजारे ट्रॉफी के लिए मुंबई टीम के साथ है। उन्होंने 33 प्रथम श्रेणी मैचों में 25.70 की औसत से 101 विकेट लिए हैं, जिसमें पांच पंजा और तीन बार मैच में 10-विकेट हॉल शामिल है। इसके अलावा उन्होंने 47 पारियों में 41.21 की औसत से 1525 रन भी बनाए हैं, जिसमें दो शतक और 13 अर्धशतक शामिल है। वह हाल ही में इंडिया ए टीम का लगातार हिस्सा रहे हैं। पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर इंडिया ए के लिए उन्होंने एक मैच में 44 रन बनाने के साथ-साथ एक विकेट भी लिया था।

## पाकिस्तान ने वर्षा बाधित मैच में दक्षिण अफ्रीका को 36 रनों से हराया



जोहान्सबर्ग, 23 दिसंबर। सैम अयूब (101) की शतकीय, बाबर आजम (52) और कप्तान मोहम्मद रिजवान (53) की अर्धशतकीय पारियों के बाद सुफिया मकिम की शानदार गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने रविवार को वर्षा बाधित तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर 36 रनों से हरा दिया। इसी जीत के साथ ही पाकिस्तान ने तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपना नाम कर ली।

309 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने सात ओवर में 44 रन पर अपने नो विकेट गंवा दिए। कप्तान तेम्बा बवूमा (आठ) और टोनी डीजॉर्जी (26)रन बनाकर आउट हुये। रासी वान दर दुसें (35) और एडन मारक्रम (19) रन बनाकर आउट हुये। द. अफ्रीका की ओर से हेनरिच क्लासेन ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

## बॉक्सिंग डे टेस्ट में इतिहास रच सकते हैं केएल राहुल

### तेंदुलकर-रहाणे का रिकॉर्ड पछाड़े के बेहद करीब



मेलबर्न, 23 दिसंबर। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। अभी तक दोनों टीमों के बीच तीन टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं, जिनमें टीम इंडिया के बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए संघर्ष करते हुए देखा गया। वहीं इस टेस्ट सीरीज में भारत के लिए ओपन कर रहे केएल राहुल की स्थिति अन्य के मुकाबले काफई ठीक है।

पिछले 3 टेस्ट मैचों में राहुल ने भारत की तरफ से अब तक सबसे ज्यादा रन बनाए हैं और विषम परिस्थिति में वो गेंदबाजों के खिलाफ जमकर जूझते हैं।केएल राहुल ने भारत के लिए खेले पिछले 3 टेस्ट मैच में हालांकि, शतक तो नहीं लगाया। लेकिन बिना कोई शतक लगाए भी उन्होंने 235 रन बनाए हैं। सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले स्थान पर हैं।

अब भारत को चौथा टेस्ट मैच मेलबर्न में खेला है और यहां पर केएल राहुल से भी अच्छी पारी की उम्मीद सबको जरूर होगी। वहीं अगर इस टेस्ट मैच में केएल राहुल शतक लगा देते हैं तो वो इतिहास रच देंगे। बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा शतक लागने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। बॉक्सिंग डे टेस्ट में अब तक सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में केएल राहुल सचिन तेंदुलकर और अंजिक्य रहाणे के साथ संयुक्त रूप से पहले नंबर पर हैं। तेंदुलकर और रहाणे ने भारत के लिए बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में दो-दो शतक लगाए थे। और राहुल के नाम भी दो शतक दर्ज हैं। अब मेलबर्न में अगर राहुल शतक ठोक देते हैं तो वो भारत की तरफ से बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा शतक लागने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे।

## मो. शमी की फिटनेस पर बीसीसीआई ने दिया अपडेट, अभी नहीं जाएंगे ऑस्ट्रेलिया



नई दिल्ली, 23 दिसम्बर। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं जाएंगे। दरअसल, बीसीसीआई ने सोमवार को इस तेज गेंदबाज की फिटनेस पर जानकारी दी और उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले दो टेस्ट के लिए अनफिट घोषित किया। हाल ही में तीसरे टेस्ट मैच के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के अधिकारियों से शमी की फिटनेस पर स्थिति स्पष्ट करने कहा था और अब भारतीय बोर्ड ने उन्हें अनफिट करार दिया है।

शमी को घुटने की चोट के कारण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया था। शमी पिछले साल वनेड वर्ल्ड कप के बाद से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं और उन्होंने रणजी ट्रॉफी के जरिए मैदान पर वापसी की थी। शमी घरेलू क्रिकेट में खेल रहे हैं और बीसीसीआई की मेडिकल टीम लगातार उन पर नजरें रखी हुई थी। बीसीसीआई ने इस बात की पुष्टि की है कि घुटने की चोट के कारण शमी लंबे समय से टीम से बाहर हैं और उन्हें शमी के जल्द पूरी तरह स्वस्थ होने की उम्मीद है। बोर्ड ने शमी की फिटनेस पर जानकारी देते हुए कहा कि, बोर्ड की मेडिकल टीम भारतीय तेज गेंदबाज शमी के साथ करीब से काम कर रही थी जिससे वह जल्द चोट से उबर सकें।

शमी टखने की चोट से पूरी तरह उबर चुके थे। शमी ने रणजी ट्रॉफी में मध्यप्रदेश के खिलाफ बंगाल के लिए 43 ओवर गेंदबाजी की। इसके अलावा उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सभी 9 मैच खेले, जहां वह अतिरिक्त गेंदबाजी सत्र में शामिल हुए जिससे टेस्ट मैच के लिए फिट हो सकें।

## पूर्व क्रिकेटर कांबली की तबीयत बिगड़ी

### अस्पताल में कराया गया भर्ती



मुंबई, 23 दिसम्बर। टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली पिछले कुछ दिनों से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। कांबली की तबियत एक बार फिर से बिगड़ गई है। जिसके बाद उन्हें ठागे के आकृति अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर्स फिलहाल उनकी देखभाल कर रहे हैं। हाल ही में विनोध कांबली का एक सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। इस वीडियो में वह सचिन तेंदुलकर के साथ नजर आए थे, जिसमें वह काफी बीमार दिख रहे थे।कांबली हॉस्पिटल में एडमिट नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनके सभी जरूरी टेस्ट किए जाने रहे हैं और उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। कांबली ने हाल ही में एक यूट्ययूब चैनल पर इंटरव्यू दिया था कि वो गंभीर यूरिन इंफेक्शन से जूझ रहे हैं, जिसकी वजह से पिछले महीने बेहोश हो गए थे और वीडियो वायरल हो गया था। बता दें कि, कांबली को कई तरह की बीमारियां हैं उन्हें हार्ट अटैक भी आ चुका है।

## ओ.एन. दीक्षित मेमोरियल जिला बैडमिंटन आज से शुरू



जयपुर, 23 दिसंबर। ओ.एन. दीक्षित मेमोरियल जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता आज से प्रारंभ होगी। जिला बैडमिंटन सचिव मनोज दासोत के अनुसार ने बताया कि प्रतियोगिता सुबह 10:00 बजे से खेली जाएगी। अंडर- 15, अंडर -13 , अंडर-11 के लड़के -लड़कियों के एकल मैच ही खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि मुख्य आयकर निदेशक अन्वेषण अवधेश कुमार व डॉक्टर रचना गौड होगी।


## राजधानी

## कांग्रेस ने संविधान को लेकर हमेशा जनता के बीच भ्रम फैलाया : राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विपक्ष के व्यवहार की निंदा करते हुए कहा कि संसद में हंगामा, मकर द्वार पर धक्का मुक्की, हिंसक तौर तरीके जनप्रतिनिधियों के लिए शोभा नहीं देता। मैं स्वयं संसद के द्वार पर भाजपा सांसदों के साथ वहां उपस्थित था, यह दृश्य अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस विषयहीन मुद्दों पर आंदोलन कर रही है, लेकिन इसे जनता समझती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार निरंतर जनहितैषी कार्य कर रही है।

> ■ **'कुवैत ही नहीं, 20 से अधिक देशों ने मोदी को दिया सर्वोच्च सम्मान, यह उनकी वैश्विक नेतृत्व क्षमता का परिणाम'**

राठौड़ ने कहा कि विपक्षी नेताओं द्वारा संविधान, बाबा साहब और आरक्षण को लेकर हमेशा जनता को भ्रमित करने का काम किया है, लेकिन हकीकत यह है कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब का अपमान किया, नेता प्रतिपक्ष विदेश में जाकर आरक्षण समाप्त करने की बात करते है। भाजपा ने बाबा साहब अंबेडकर को सम्मान देने का कार्य किया है। बाबा साहब के पंच तीर्थ स्थलों को विकसित करने के साथ उनकी भावनाओं को चरितार्थ करने का काम भी भाजपा ने ही किया, कांग्रेस ने सिर्फ बाबा साहब के नाम पर राजनीति ही की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुस्लिम देश कुवैत में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से सम्मानित किया जाना देशवासिशें के लिए गौरव की बात है। कुवैत ही नहीं करीबन 20 से अधिक देशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनकी विदेश नीति, व्यवहार, वसुधैव कुटुम्बकम का भाव जैसे कार्यों के चलते सर्वोच्य सम्मान से सम्मानित किया है। यह उनकी वैश्विक नेतृत्व क्षमता का परिणाम है। मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा अपने संगठनात्मक कार्यों और जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करें और संगठन को और मजबूत बनाएं। संगठन पर्व में बूथ समिति के साथ मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चुनाव किए जाएंगे। भाजपा संगठन में योग्यता के अनुसार सभी कार्यकर्ता को कार्य दिया जाएगा। राठौड़ ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर भाजपा की ओर से देशभर में 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाया जाएगा। सुशासन दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वहीं 26 दिसंबर को देशभर में ''वीर बाल दिवस'' मनाया जाएगा। वीर बाल दिवस पर सिख गुरू गोविंद सिंह के पुत्र साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की स्मृति में प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।विपक्ष मनु स्मृति की चर्चा कर रहा है, जबकि आसन द्वारा मांगने पर मना कर दिया गया और कहा गया कि एक ही कॉपी है।



**शीतकालीन सत्र के समापन के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू व अन्य दलों के नेताओं ने लोकसभा चैम्बर में मुलाकात की।**

## तनोट माता मंदिर राजस्थान के धार्मिक और ऐतिहासिक गौरव का प्रतीक : भजनलाल शर्मा

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जैसलमेर स्थित तनोट माता मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि राजस्थान के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक गौरव का प्रतीक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मंदिर के मास्टर प्लान के तहत चरणबद्ध रूप से काम कर इसे विश्वस्तरीय धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर तनोट माता मंदिर क्षेत्र के मास्टर प्लान को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर के क्षेत्र में अत्याधुनिक विकास कार्य किए जाएं जिससे यहां आने वाले पर्यटक देश के प्रति गौरवान्वित हों तथा उनमें देशभक्ति का भाव जागृत हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्य मंदिर तथा प्रवेश द्वार के सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता देते हुए पूरे परिसर में सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएं।

शर्मा ने कहा कि मंदिर को पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाते हुए स्थानीय समुदाय के लिए रोजगार और आर्थिक अवसरों का सृजन भी किया जाए। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर क्षेत्र में एडवेंचर स्पोर्ट, डेजर्ट सफारी सहित मंदिर के मास्टरप्लान के तहत बनने वाले सभी अत्याधुनिक सुविधाओं की समीक्षा की। इस दौरान बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, शासन सचिव पर्यटन रवि जैन सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों और शिक्षाविद्ों ने कलेक्ट्रेट में ''सुशासन'' पर दिया संबोधन

जयपुर । सुशासन सप्ताह के तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला को सेवानिवृत आईएएस राजेश्वर सिंह, पूर्व आईएफएस दीपनारायण पाण्डेय और शिक्षाविद प्रोफेसर विद्या जैन ने कार्यशाला को संबोधित किया। कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में रास्ता खोलो अभियान, नशा मुक्त जयपुर अभियान, सक्षम जयपुर अभियान एवं ज्ञानधरा अभियान सहित जयपुर जिला प्रशासन द्वारा सुशासन की दिशा में संचालित नवाचारों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में सुशासन सप्ताह के तहत समस्त विभागों के जिला स्तरीय कार्यालयों द्वारा तैयार जिला- जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू का विजन डॉक्यूमेंट-2047 का विमोचन किया गया। इस दौरान जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय द्वारा तैयार की गई सुशासन की दिशा में जयपुर जिला प्रशासन के प्रयास वीडियो फिल्म का प्रसारण किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने सुशासन के जरिये समाज के अंतिम तबके तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ पहुंचाने की की जरूरत पर बल दिया। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने बताया कि सुशासन सप्ताह के दौरान जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। प्रशासन गांवों की ओर अभियान, सुशासन सप्ताह शिविर, रन फॉर विकसित राजस्थान कार्यक्रम, आदि के बारे में भी बताया गया। युवाओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, कौशल विकास एवं उद्यिमता कार्यक्रम सहित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।




**सेवानिवृत आईएएस राजेश्वर सिंह, पूर्व आईएफएस दीपनारायण पाण्डेय और शिक्षाविद प्रोफेसर विद्या जैन ने कार्यशाला में सुशासन सप्ताह के तहत समस्त विभागों के जिला स्तरीय कार्यालयों द्वारा तैयार जिला-जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू का विजन डॉक्यूमेंट-2047 का विमोचन किया।**

## परोपकार और सेवा कार्य ही ईश्वर की आराधना : राज्यपाल

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को गांव पदमपुरा, बाड़ा में श्री कौशल्या चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित मेगा नेत्र चिकित्सा शिविर का अवलोकन कर वहां भर्ती मरीजों से संवाद किया। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा गरीब, पिछड़ों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी भी ली। उन्होंने इस दौरान कहा कि परोपकार ही सबसे बड़ा धर्म है। चिकित्सा से जुड़ा सेवा कार्य ही ईश्वर की आराधना है। उन्होंने वहां पर नेत्र चिकित्सा से लाभान्वित काश्तकारों, श्रमिकों की बेहतर और नि:शुल्क चिकित्सा व्यवस्था की सराहना की। निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के समापन समारोह में उन्होंने राज्य सरकार और केंद्र सरकार की आरोग्य समृद्धि योजनाओं के बारे में भी विशेष रूप से बताया तथा कहा कि किसानों, मजदूरों के कल्याण के लिए चलाए जा रहे विकास कार्यों का जनहित में अधिकाधिक प्रसार होना चाहिए ताकि योजनाओं का समुचित लोगों तक लाभ पहुंच सके। उन्होंने कहा कि पर-पीड़ा निवारण के लिए किए जाने वाले कार्य जन-जन तक पहुंचते हैं तभी उनकी सार्थकता होती है। राज्यपाल ने निजी ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा और दवाओं, चश्मों, लेंस और अन्य उपकरणों के वितरण को अनुकरणीय बताया। उन्होंने मरीजों से संवाद करते हुए उनके हाल-चाल भी जाने। उन्होंने सरकार के साथ-साथ स्वयंसेवी संस्थाओं, निजी क्षेत्र आदि को भी चिकित्सा सेवाओं में सहयोग देने और अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित किए जाने पर जोर दिया।

आरंभ में गुलाब कौशल्या चेरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी नरेश कुमार मेहता ने ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट का एक लाख ऑपरेशन नि:शुल्क करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि पदम ज्योति नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र द्वारा सेवा कार्य के अंतर्गत पिछड़े वर्ग के बालकों को शिक्षा-छात्रवृति, पुस्तकें आदि भी उपलब्ध कराए जाते हैं।

राज्यपाल ने शिविर में नाक से बजाए जाने वाले वाद्य यंत्र अलगोजा की प्रस्तुति भी सुनी। उन्होंने इसके लिए लोक कलाकार की सराहना करते हुए कहा कि लुप्तप्राय: ऐसे वाद्य यंत्रों को बजाने वाले कलाकारों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# 'राजस्थान मंडपम कला, संस्कृति, पर्यटन को बढ़ावा देगा'

## मुख्य मंत्री भजनलाल शर्मा ने मंडपम के निर्माण को समय से पूरा करने के निर्देश दिये

जयपुर, 23 दिसंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य की कला, संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए तथा सांस्कृतिक और व्यावसायिक आयोजनों के लिए राजस्थान मंडपम प्रमुख आकर्षण का केन्द्र बनेगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जयपुर में बनने वाले इस मंडपम को विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त बनाया जाए तथा इसमें आधुनिक तकनीक और परंपरागत राजस्थानी वास्तुकला का बेहतरीन संयोजन किया जाए। उन्होंने मण्डपम के निर्माण को समयान्तर्गत पूरा करने के निर्देश दिए।

सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान मण्डपम के निर्माण की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए, उन्होंने कहा कि भारत मण्डपम की तर्ज पर जयपुर में राजस्थान मण्डपम का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसमें बनने वाले एग्जीबिशन हॉल, ओपन हॉल तथा ऑडिटोरियम में दर्शक क्षमता का पूरा ध्यान रखा जाए, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भागीदारी कर सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेक इन इंडिया तथा वन नेशन वन प्रोडक्ट के तहत, स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए मंडपम में यूनिटी मॉल का भी निर्माण किया जाएगा। अधिकारियों को इस मॉल में सभी तरह की आवश्यक सुविधाएं विकसित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यहां संसाधन विकसित किये जाएं। उन्होंने मंडपम में बनने वाले यूनिटी मॉल, पार्किंग, दुकानों एवं ऑडिटोरियम सहित पूरे मास्टर प्लान की समीक्षा की।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान मण्डपम के निर्माण की तैयारी बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा, राज्य की कला, संस्कृति और पर्यटन को बढ़ ावा देने के लिए तथा सांस्कृतिक और व्यावसायिक आयोजनों के लिए राजस्थान मंडपम प्रमुख आकर्षण का केन्द्र बनेगा।*

- **मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि मंडपम में बनने वाले एग्ज़ीबिशन हॉल, ओपन हॉल व ऑडिटोरियम में दर्शक क्षमता का पूरा ध्यान रखें।**

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग, अजिताभ शर्मा, रीको के प्रबंध निदेशक इंद्रजीत सिंह, एनबीसीसी के मुख्य प्रबंध निदेशक के पी महादेव स्वामी सहित, अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# लोक अदालत ने 40.62 लाख केस निपटाये

जयपुर, 23 दिसंबर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से हाईकोर्ट सहित, प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों में साल की अंतिम लोक अदालत आयोजित की गई। लोक अदालत में राजीनामे से 7.28 हजार लंबित मामलों सहित, कुल 40.62 लाख प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इसके साथ ही, 11.75 अरब रुपए से अधिक के अवार्ड भी पारित किए गए।

जयपुर पीठ में लोक अदालत का शुभारंभ हाईकोर्ट के जस्टिस व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस पंकज भंडारी ने किया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत हर नागरिक के लिए न्याय प्राप्त करने का सुगम व सुलभ साधन है।

- **हाई कोर्ट व अधिनस्थ अदालतों ने 11.75 लाख रुपये के अवॉर्ड भी पारित किये।**

लोक अदालत एक ऐसी जगह है, जहां विवाद के समाधान की प्रक्रिया में पक्षकार खुद ही भाग लेता है और विवाद का समाधान ही खुद तय करते हैं। हाईकोर्ट की जयपुर पीठ में लोक अदालत के जरिए 655 केसों का राजीनामे के जरिए निस्तारण किया गया। सांगानेर मुख्यालय पर भी लोक अदालत में पांच से दस साल पुराने मामलों व अन्य केसों सहित 726 मामलों का निस्तारण राजीनामे के जरिए हुआ।

इनमें पक्षकारों को 2.83 करोड़ रुपए के अवार्ड जारी किए गए।

# रणथंभौर में टाइगर टी 2309 की मौत

## आमा घाटी में मिले शव का पोस्टमार्टम कर विधिवत् अंतिम संस्कार किया गया

सवाईमाधोपुर, 23 दिसंबर, (निस)। वन्यजीव प्रेमियों के लिये सोमवार को एक बार फिर रणथंभौर नैशनल पार्क से एक बेहद दु:खद खबर सामने आई। पार्क के आमा घाटी वन क्षेत्र में विचरण करने वाले युवा टाइगर टी 2309 की मौत हो गई।

सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद, टाइगर के शव को अपने कब्जे में लेकर राजबाग नाका चौकी ले गए, जहां मेडिकल बोर्ड की मौजूदगी में टाइगर के शव का पोस्टमार्टम किया गया और उसके बाद उसका अंतिम संस्कार किया गया। पोस्टमार्टम में टाइगर के शरीर पर घाव के निशान मिले हैं, जिससे संकेत मिलता है कि दूसरे टाइगर के साथ उसकी लड़ाई हुई होगी।

- **टाइगर टी 2309 की टेरिटरी, आमा घाटी में एक और टाइगर, टी 120 गणेश भी विचरण करता था। संभवतः दोनों टाइगरों के बीच संघर्ष में टी 2309 की मौत हुई। पोस्टमार्टम में टेरिटोरियल फाइट के घाव के निशान मिले।**

रणथंभौर के मुख्य वन संरक्षक अनूप के आर ने बताया कि रणथंभौर के आमा घाटी वन क्षेत्र में विचरण करने वाले टाइगर टी 2309 की टेरिटरी में दूसरा टाइगर टी 120 गणेश भी विचरण करता है। संभवतया टी 120 गणेश के साथ संघर्ष में ही टाइगर टी 2309 की मौत हुई है।

वनाधिकारियों के मुताबिक, सोमवार को गश्त के दौरान, वनकर्मियों को रणथंभौर के आमा घाटी वन क्षेत्र में टाईगर टी 2309 का शव पड़ा हुआ मिला था, वनकर्मियों ने इसकी सूचना वनाधिकारियों को दी, जिसके बाद रणथंभौर के डीएफओ रामानंद भाकर सहित, अन्य वनाधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में कर राजबाग नाका चौकी ले गए।

वन अधिकारियों ने बताया कि टाइगर टी 2309, रणथंभौर की बाघिन टी 105 नूरी की संतान है। मृत टाइगर की उम्र करीब साढ़े तीन साल है। वन्यजीव प्रेमियों का कहना है कि टेरिटोरियल फाइट में युवा टाइगर की इस तरह से मौत होना बेहद दुखद है, इससे वन विभाग द्वारा की जा रही बाघों की ट्रैकिंग एंव मॉनिटरिंग पर कई तरह के सवाल खड़े होते हैं।

## अडानी ग्रुप ने...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उन्होंने कहा, यह अधिग्रहण हमारी इस सोच से जुड़ा है।

एक इंटीग्रेटेड एविएशन सर्विस इकोसिस्टम बनाया जाए, जो भारत के एविएशन इंफ्रास्ट्रक्चर को और सुदृढ़ करेगा। हमारा लक्ष्य भारत के आसमान के भविष्य को आकार देना है।

## पिता के हत्यारे ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के घर पहुंचें। वहां पहुंचने पर उसने देखा की गोवर्धन घर के बाहर दीवार के पास चित्त अवस्था में पड़े हैं। ऐसे में उसे शक हुआ कि उसके चाचा की कन्हैयालाल या किसी अन्य ने हत्या कर दी है। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि गोवर्धन शराब पीने का आदी था और अभियुक्त भी गांजे का नशा करता था। ऐसे में घटना के दिन दोनों में किसी बात पर झगड़ा हो गया और अभियुक्त ने कुल्हाडी से पिता गोवर्धन के सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी।

# बाँग्लादेश ने भारत से लिखित...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

शामिल है और सरकार के विरोध को दबाने के लिए सेना के दुरुपयोग का भी उन पर आरोप लगाया है। हिरासत में हुई कई मौतों के लिए हसीना को आरोपी बताया गया है।

बाँग्लादेश की सरकार वैध संवैधानिक प्रक्रिया से निर्वाचित नहीं है, इसलिए भारत सरकार इसके डिप्लोमैटिक नोट की अनदेखी कर सकती है।

हसीना के प्रत्यार्पण पर भारत से सीधे टकराने की बजाय बाँग्लादेश अन्य मांगे कर रहा है, जिनसे भारत को परेशानी हो सकती है। अभी तक सीमा पार आतंक से निपटने में बाँग्लादेश ने भारत का सहयोग किया था।

लेकिन अब बाँग्लादेश ने भारत विरोधी गतिविधियों के कारण जेल में बंद आतंकियों को छोड़ दिया है तथा जो आतंकी भारत को धमकियां देते हैं, उन्हें भी शरण दी जा रही है।

- **बीज़िंग व पाकिस्तान से अफसरों व नेताओं का आवागमन बढ़ा है, जो भारत के लिए चिंता का विषय है।**
- **पर, क्या एक ''फेल देश'' एक दूसरे देश की मदद कर सकता है, जो ''फेल'' होने के कगार पर है।**

बाँग्लोदश, पाकिस्तानी संगठनों को देश में अपनी गतिविधियाँ पुन: शुरु करने के लिए आमंत्रित कर रहा है। सरकारी अधिकारियों व एजेन्टों ने व्यापारियों को भारत से आयात रोकने के निर्देश दिए और कहा है कि पाकिस्तान तथा इस्लामिक देशों से सामान मंगवाएं।

ऐसे में, जब, पाकिस्तान स्वयं भारी संकट में है और उसकी अर्थव्यवस्था डांवाडोल हो रही है, पाकिस्तान से आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं का आयात करने के लिए उस देश से संबंध बढ़ाने के प्रयास भारी नुकसानदायक हो सकते हैं। एक हारा हुआ असफल देश, असफलता की कगार पर पहुँचे दूसरे देश की क्या मदद कर सकता है।

पाकिस्तानी जहाज, पाकिस्तान बंदरगाह पहुँच रहे हैं। बीज़िंग और पाकिस्तान से बढ़ती आवाजाही भारत के लिए चिंता का सबब है, क्योंकि इससे हथियार लाए जा रहे है। बाँग्लादेश ने चीन और पाकिस्तान से मदद मांगी है।

भारत को इस सब का प्रभावी जवाब देना होगा, क्योंकि उपमहाद्वीप में बाँग्लादेश की स्थिति सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। भारत को बचाव के उपाय करने होंगे।

बाँग्लादेश के मुख्य सलाहकार यूनुस ने हाल ही में मिस्त्र की राजधानी काइरो में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से मुलाकात की और उसके बाद से कई जहाज चटगाँव बंदरगाह आए हैं।

# घायल सांसदों को अस्पताल से छुट्टी मिली

नयी दिल्ली, 23 दिसंबर। राष्ट्रीय राजधानी के सरकारी राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती लोकसभा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत को छुट्टी दे दी गयी है। संसद परिसर में बीते गुरुवार को धक्का मुक्की में घायल होने के बाद, इन दोनों सांसदों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

अस्पताल ने सोमवार को यहां बताया कि दोनों सांसदों को छुट्टी दे दी गई है। दोनों सांसदों को धक्का मुक्की में घायल होने के बाद गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती कराया गया था। सारंगी की आंख के ऊपर गहरी चोट लगी थी, जबकि राजपूत ने सिर में भारीपन और चक्कर आने की शिकायत की थी।

दोनों सांसदों की एमआरआई जांच कराई गई और उन्हें नियमित निगरानी में रखा गया। दोनों सांसदों को 19 दिसंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# डिजिटल ठगों ने इंजीनियर से 12 करोड़ रू. लूटे

## 11 नवम्बर से 12 सितम्बर तक इंजीनियर को डरा कर 11 करोड़ 84 लाख रूपये 9 खातों में ट्राँसफर कराये

बंगलुरु, 23 दिसंबर। देश में डिजिटल फ्रॉड के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ताजा मामला बंगलुरु का हैं, जहां डिजिटल ठगों ने एक इंजीनियर को अपना शिकार बनाया है और इंजीनियर से करीब 12 करोड़ रुपए ठगे। इस घटना के सामने आने के बाद साइबर दुनिया में हड़कंप मच गया है। बेंगलुरु नार्थ डिवीजन के तहत 39 साल के एक इंजीनियर ने डिजिटल ठगों के चक्कर में पड़कर करीब 12 करोड़ रुपए गंवा दिए हैं। इस युवक को जब तक ये पता चला कि उसके साथ डिजिटल ठगी हुई है, तब तक उसकी सारी कमाई लुट चुकी थी।

इस युवक ने पुलिस की साइबर, इकोनॉमिक और नारकोटिक्स यानी सीईएन ब्रांच में 12 दिसम्बर को एक शिकायत दर्ज करवाई। इस शिकायत में युवक ने पुलिस को बताया कि 11 नवम्बर से 12 दिसम्बर के बीच डिजिटल ठगों ने युवक से 11 करोड़ 84 लाख रुपए ऐंठ लिए।

- **टी.आर.ए.आई., कस्टम व ई.डी. तथा पुलिस अधिकारी बनकर वीडियो कॉल पर डिजिटल अरैस्ट की बात कर ठगों ने यह वारदात की।**

पुलिस में दी गई शिकायत के मुताबिक, इस युवक को 11 नवम्बर को एक आईवीआर फोन आया, जिसमें कहा गया कि ये कॉल टेलीकॉम रेग्युलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी टीआरएआई से है। उसके फोन नम्बर का मिसयूस हुआ है और 2 घंटे में उसका फोन कट जाएगा। उसने जब कारण पूछा तो उसे 8791120937 से एक फोन आया और सामने वाले ने कहा कि वो मुम्बई के कोलाबा से क्राइम ब्रांच का अफसर है और उसके आधार नम्बर के साथ कोलाबा में एक केस दर्ज हुआ है, उसे बताया गया कि नरेश गोयल नाम के एक व्यक्ति को 6 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग के केस में पकड़ा गया है, और इसमें उसके आधार कार्ड और फोन की डिटेल्स मिली हैं।

ये युवक डर गया जिसके बाद उसे एक और नम्बर 7420928275 से फोन आया और उसने खुद को कस्टम और ई.डी. का अधिकारी बताया और इस युवक को डिजिटल अरेस्ट करने की बात कहते हुए उससे मोबाइल फोन पर 2 एप और स्काईप डाउनलोड करने को कहा।

इसके बाद पुलिस अधिकारी का वेश बनाकर एक और ठग ने 9997342801 से वीडियो कॉल किया और उसे बताया कि अब ये केस सुप्रीम कोर्ट में चला गया है और न सिर्फ वो बल्कि उसके परिवार के बाकी लोगों को भी अब जिंदगी भर जेल में रहना होगा। ये युवक बुरी तरह डर गया और इसका फायदा उठाते हुए ठगों ने उसके बैंक में जमा राशि की सारी जानकारी उससे ले ली और उससे कहा कि उसे अपने अकाउंट से पैसे आरबीआई के अकाउंट में जमा कराने होंगे और एक बार वेरिफिकेशन हो जाने के बाद ये रुपये उसके अकाउंट में वापस भेज दिए जाएंगे। जिसके बाद 11 नवम्बर को उसने आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के एक अकाउंट में 75 लाख जमा कराए, उसके अगले दिन यूसीओ बैंक के एक अकाउंट में 3 करोड़ 14 लाख जमा कराए, इसके बाद उसे मनी लॉन्ड्रिंग के इस केस से बाहर निकालने के लिए और रुपयों की डिमांड की गई, चूंकि पीड़ित बुरी तरह घबराया हुआ था।

# संभल हिंसा : गुमनाम पत्रों ने पुलिस को बाहर से आने वालों की जानकारी दी

संभल, 23 दिसंबर। संभल हिंसा पर बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस को 40 से ज्यादा गुमनाम पत्र मिले हैं। पत्र में अलग-अलग इलाकों से लोगों के हिंसा में शामिल होने की जानकारी दी गई है। सभी पत्रों में संभल में बाहर के लोगों के आने का जिक्र किया गया है। पत्र में कहा गया कि हिंसा के लिए रात 3 बजे हापुड़ से संभल के लिए लोग निकले थे। पुलिस को मिले पत्रों में बुलंदशहर, रामपुर, अमरोहा और मुरादाबाद से बाहरी लोगों के संभल आने का जिक्र किया गया है।

संभल हिंसा को लेकर पुलिस अब पत्र से मिली जानकारी के आधार पर कार्रवाई कर रही है। पुलिस की 5 टीमें इन इलाकों से सबूत जुटा रही हैं। पुलिस की टीमें 15 संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रही हैं। पुलिस ने 200 लोगों की कॉल डिटेल्स निकाली है। सभी की हिंसा वाले दिन की मूवमेंट की जांच कर रही है।

- **इन पत्रों में हापुड़, बुलन्दशहर, रामपुर व अमरोहा से देर रात लोगों के आने का ज़िक्र है।**

बता दें कि संभल में पिछले महीने सदियों पुरानी मस्जिद को लेकर हुई हिंसक झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई थी और दर्जनों लोग घायल हो गए थे। 16वीं शताब्दी में बनी शाही जामा मस्जिद के न्यायालय की निगरानी में किए जा रहे सर्वेक्षण के दौरानद्ध प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हो गई थी। देखते ही देखते, संभल में हिंसा भड़क गई थी। पुलिस अधिकारियों ने हिंसा के संबंध में कई मामले दर्ज किए थे। क्षेत्र में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई थी। साथ ही, स्कूलों को भी बंद कर दिया गया था। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में मस्जिद के आसपास चप्पलें, ईंटें और पत्थर बिखरे हुए दिखाई दे रहे थे।

# 'परभनी हिंसा का पीड़ित ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गये तथा पीटे गये लोगों के परिवारों से मिले हैं तथा उन्होंने पोस्ट-मॉर्टम रिपोर्ट, वीडियोज़ तथा फोटोग्राफ देखे हैं। उन्होंने जोर देते हुये कहा कि सूर्यवंशी की मृत्यु ''शत-प्रतिशत रुप से, पुलिस कस्टडी में हुई मौत है।''

परभनी में हिंसा की शुरुआत उस समय हुई, जब 10 दिसम्बर को शहर के रेलवे स्टेशन के बाहर डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की मूर्ति के पास रखी शीशे में बन्द संविधान की प्रतिकृति को क्षति पहुँचाई गई।

परभनी के शंकर नगर निवासी सोमनाथ सूर्यवंशी को हिंसा के संदर्भ में गिरफ्तार किया गया था तथा न्यायिक अभिरक्षा के दौरान, 15 दिसम्बर को उसकी मृत्यु हो गई। उस समय उसने सीने में दर्द की शिकायत की थी।

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने पुलिस को संदेश देने के लिये, विधानसभा में झूठ बोला था।

- **राहुल गांधी ने कहा कि हमने पोस्टमार्टम रिपोर्ट, वीडियो व फोटो देखे हैं, सोमनाथ सूर्यवंशी की मौत ''कस्टोडियल डैथ'' है।**

राज्य भाजपा अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले ने राहुल गांधी की आलोचना करते हुये, उनके दौरे को एक ''ड्रामा'' बताया। उन्होंने गांधी से कहा कि ''फोकस इस बिन्दु पर होना चाहिये कि रचनात्मक साधनों के जरिये, समाज को कैसे लाभान्वित किया जाये।''

# कांग्रेस से गठबंधन तोड़ना चाहते हैं उद्धव ठाकरे के कुछ समर्थक

मुबंई, 23 दिसंबर। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव 2024 में मिली करारी हार के बाद से महाविकास अघाड़ी गठबंधन मुश्किलों का सामना कर रहा है। चुनाव परिणाम के बाद से शिवसेना यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे की भी टेंशन बढ़ गई है। दरअसल, उद्धव की पार्टी के कुछ नेताओं का कहना है कि पार्टी को चुनाव में नुकसान कांग्रेस से गठबंधन के कारण हुआ है। हाल ही में शिवसेना(यूबीटी) निरीक्षकों की बैठक में पार्टी के एक धड़े ने उद्धव ठाकरे से कांग्रेस से गठबंधन तोड़ने की मांग की है।

- **इन नेताओं का मानना है कि कांग्रेस से गठबंधन के कारण चुनाव में पार्टी को नुकसान पहुँचा।**
- **यह गुट कह रहा है कि कांग्रेस के साथ के कारण उनके हिन्दुत्व पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वे बी.एम.सी. के चुनाव अकेले लड़ना चाहते हैं।**

शिवसेना (यूबीटी) के इस धड़े का कहना है कि कांग्रेस से गठबंधन की वजह से नुकसान हो रहा है, कांग्रेस के वजह से हमारे हिंदूत्व पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह धड़ा आगामी बीएमसी चुनाव में अकेले चुनाव लड़ने के लिए ठाकरे पर दबाव बना रहा है।

शिवसेना (यूबीटी) के नेता सुभाष देसाई ने इस मुद्दे पर बयान जारी किया है। उन्होंने कहा, ''हमारे कार्यकर्ताओं का एक वर्ग चाहता है कि पार्टी बीएमसी चुनाव अकेले लड़े। इनको लगता है कि नुकसान हुआ। असेसमेंट चल रहा है लेकिन लोकसभा चुनाव में हमें गठबंधन के साथ में कामयाबी मिली थी। इस बारे में उद्धव ठाकरे अंतिम फैसला लेंगे।''

हाल ही में शिवसेना यूबीटी के सीनियर नेता संजय राउत ने भी बीएमसी चुनाव अकेले लड़ने के संकेत दिए थे। राउत ने कहा था कि कार्यकर्ताओं की इच्छा है कि महानगरपालिका चुनाव अकेले लड़ा जाए। संजय राउत ने कहा था कि मुंबई में हमारी ताकत है। मुंबई में हमें लड़ना चाहिए ये कार्यकर्ताओं की इच्छा है।विधानसभा चुनाव में विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी हमने मुंबई में 10 सीटें जीती और 4 सीट बहुत कम मार्जिन से हारे।

## प्र.मंत्री ने वीडियो ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उन्होंने कहा कि फॉर्म भरने के बाद, अगर सरकारी तंत्र की असफलता के कारण पेपर लीक हो जाते हैं या भ्रष्टाचार होता है तो युवाओं का यह पैसा बर्बाद हो जाता है।

प्रियंका ने कहा कि माता-पिता तो अपना जीवन समर्पित कर देते हैं तथा अपने बच्चों की पढ़ाई तथा परीक्षाओं की तैयारी पर खर्च के लिये एक-एक पैसा बचाते हैं, ''लेकिन भाजपा सरकार ने उनके सपनों को आय के स्त्रोत के रूप में बदल दिया है।''

कांग्रेस सांसद ने अपनी पोस्ट के साथ, सरकारी नौकरी का एक विज्ञापन भी शेयर किया है, जिसमें एस.सी./एस.टी. सहित, विभिन्न श्रेणियों के उम्मीदवारों को 18 प्रतिशत जी.एस.टी. वसूला जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस तथा इंडिया ब्लॉक के अन्य राजनैतिक दल सरकार की आलोचना करते हुये कहते आ रहे हैं कि सरकार बेरोजगारी के मुद्दे के समाधान में कथित रूप से असफल रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर नरेन्द्र मोदी सरकार पर जबरदस्त हमला बोला था तथा बेरोजगारी को इस सरकार के शासनकाल का सबसे बड़ा अभिशाप बताया था।

## मानवाधिकार...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आपातकालीन दरवाजों का नहीं होना, ऐसी घटनाओं को और अधिक गंभीर बना देता है। इसके अलावा, फिटनेस और परमिट की अवधि बीतने के बाद भी ऐसे वाहनों का सार्वजनिक मार्गो पर चलना यह दर्शाता है कि परिवहन और यातायात विभाग अपने विधिक दायित्वों की पालना नहीं कर रहे हैं।

# पीलीभीत में तीन खालिस्तानी आतंकी मारे गए

## यू.पी. और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीमों ने यह ऑपरेशन किया

पीलीभीत, 23 दिसंबर। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में यूपी और पंजाब पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। यूपी और पंजाब पुलिस ने मुठभेड़ में तीन खालिस्तानी आतंकियों को मार गिराया है। तीनों आतंकी खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स आतंकी संगठन के थे। मौके से दो एके-47 और दो पिस्टल बरामद की गई हैं। तीनों आतंकियों ने गुरदासपुर चौकी पर ग्रेनेड फेंका था।

पूरनपुर क्षेत्र में पंजाब और यूपी पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की है। पूरनपुर क्षेत्र में हरदोई ब्रांच नहर के करीब सोमवार सुबह करीब पांच बजे मुठभेड़ हुई। मारे गए आतंकियों में गुरदासपुर निवासी गुरविंदर सिंह, वीरेंद्र सिंह उर्फ रवि और जसप्रीत सिंह उर्फ प्रताप सिंह हैं।

पीलीभीत एस.पी. अविनाश पांडेय ने बताया कि सोमवार सुबह थाना पूरनपुर पहुँची पंजाब की गुरदासपुर पुलिस की टीम ने सूचना दी कि कुछ दिन पहले गुरदासपुर में बख्शीवाल पुलिस चौकी पर खालिस्तानी आतंकियों ने ग्रेनेड से हमला किया था और उनके पूरनपुर क्षेत्र में छिपे होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद तुरंत पूरे जिले की नाकाबंदी कर चेकिंग शुरू की गई।

इसी बीच, खमरिया पॉइंट पर तैनात पुलिसकर्मियों ने सूचना दी कि एक बाइक पर तीन संदिग्ध नज़र आए हैं। उनके पास कुछ संदिग्ध वस्तुएं हैं और ये लोग बाइक से पीलीभीत की तरफ गए हैं। पंजाब पुलिस और पूरनपुर पुलिस ने उनका पीछा किया, आगे के थानों को अलर्ट किया गया।

एस.पी. अविनाश पांडेय ने बताया कि पूरनपुर और पीलीभीत के बीच निर्माणाधीन पुल पर इन लोगों को पुलिस ने घेरा तो ये लोग एक पटरी की तरफ मुड़ गए। इसके बाद उन्हें रुकने के लिए कहा गया तो उन्होंने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में तीनों आतंकियों को गोलियाँ लगीं। हॉस्पिटल में उनकी मौत हो गई। पंजाब पुलिस ने बताया कि इन आतंकियों का विदेशी कनेक्शन है।

- **पुलिस ने बताया कि आतंकियों से दो ए.के. 47 रायफल, दो पिस्टल भी बरामद हुईं। तीनों आतंकी खलिस्तान ज़िंदाबाद फोर्स (आतंकी संगठन) से संबंधित थे।**
- **पुलिस ने बताया कि मारे गए तीनों आतंकी गुरदासपुर (पंजाब) से हैं और इन पर गुरदासपुर चौकी पर ग्रेनेड फेंकने का आरोप है।**
- **पुलिस को उत्तर प्रदेश में पीलीभीत के पुरनपुर क्षेत्र में आतंकी छिपे होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने नाकाबंदी कर तीनों को घेर लिया।**
- **घिरने पर तीनों आतंकियों ने गोलियां चलाईं तो पुलिस ने जवाबी फायर किया, जिसमें तीनों की मौत हो गई।**

आरोपियों के पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। यह पूरनपुर थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी। आतंकियों की फायरिंग में दो पुलिस कॉन्स्टेबल भी घायल हुए हैं।

एनकाउंटर करने वाली टीम के एक अफसर ने बताया कि आतंकियों के पास एके-47 राइफल्स थीं। पंजाब पुलिस को पहले से अनुमान था कि आतंकियों के पास बड़े हथियार हैं। इसलिए पीलीभीत पुलिस के एस.पी. अविनाश पांडे ने लॉन्ग रेंज हथियारों के साथ जवानों को साथ लिया। पुलिस और आतंकियों के बीच करीब आधे घंटे में 100 से ज्यादा राउंड फायर हुए। ज्यादातर फायरिंग आतंकियों ने की।

पंजाब डीजीपी गौरव यादव ने बताया, मारे गए तीनों आतंकी पाकिस्तान से ऑपरेट हो रहे खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (के.जेड.एफ.) के सदस्य थे। इसका सरगना रणजीत सिंह नीटा पाकिस्तान में है। वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए काम करता है। आई.एस.आई. के इशारों पर वह पंजाब में माहौल बिगाड़ने की फिराक में था।

तीनों आतंकियों के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं। इनका मुखिया वरिंदर सिंह उर्फ रवि अपने सरगना के साथ टच में था। इस मॉड्यूल को खालिस्तानी ज़िदाबाद फोर्स (के.जेड.एफ.) के प्रमुख रणजीत सिंह नीटा और ग्रीस में रहने वाले जसविंदर सिंह मन्नू ऑपरेट करते थे। ये दोनों आतंकी ब्रिटेन में बैठे जगजीत सिंह उर्फ फतेह सिंह बागी को ऑर्डर देते थे। फतेह सिंह बागी रवि के साथ बातचीत करता था।

जगजीत सिंह के ही इशारों पर थाने पर हमला किया गया था। शुरुआती जांच में पता चला है कि रवि ग्रीस में बैठे आतंकी जसविंदर सिंह मन्नू का करीबी है, क्योंकि दोनों एक गांव के रहने वाले हैं। इसी वजह से रवि को थाने में हुए ग्रेनेड अटैक मॉड्यूल का हैड बनाया गया था। वहीं, जगजीत सिंह यूके आर्मी में भी काम कर चुका है, मगर अब आतंकी मॉड्यूल चला रहा है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908